* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 75

रामलला की तीनों मूर्तियां मंदिर में लगेंगी, इनमें से गर्भगृह में लगने वाली मूर्ति पर फैसला काशी के आचार्य करेंगे।






### सीएम आवास में सत्ताधारी दल के विधायकों की बैठक का संदेश

# हेमंत के नेतृत्व में सभी विधायक एकजुट

- सीएम ने कहा, सोशल मीडिया और अखबारों की बातों पर ध्यान न दें, मैं इस्तीफा देनेवाला नहीं
- गांडेय सीट छोड़ने के लिए सरफराज अहमद को दिया धन्यवाद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को सत्तारूढ़ दल के विधायकों की अहम बैठक हुई। इस बैठक में राज्य के ताजा राजनीतिक हालात पर विशेष रूप से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी बात रखते हुए सभी को इससे अवगत कराया। विधायकों ने मुख्यमंत्री के प्रति अपना पूरा विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा उनके साथ हैं और आगे भी बने रहेंगे। किसी भी तरह की स्थिति में वे सभी पूरी तरह एकजुट हैं। मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के खिलाफ किसी भी तरह की साजिश को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और जनहित में लगातार कार्य कर रही है और यह निरंतर जारी होगा। उधर, प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मीडिया-सोशल मीडिया की बातों पर ध्यान नहीं दें। वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। भाजपा अफवाह फैला रही है।

## पिछले तीन दिनों से चर्चाओं का बाजार था गर्म

गौरलतब है कि 31 दिसंबर को गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म था। अटकलें लगायी जा रही थी कि यह सीट मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन के लिए खाली करायी गयी है। वह आरक्षित सीट से चुनाव नहीं लड़ सकती, इसलिए यहां से चुनाव लड़ेंगी। अटकल यह भी लगायी जा रही थी कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की दबिश को देखते हुए हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। भाजपा नेता लगातार यह दावा कर रहे थे। हालांकि विधायक दल की बैठक से एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया था कि कल्पना सोरेन चुनाव नहीं लड़ेंगी। यह भाजपा की कोरी कल्पना है। बैठक के बाद यह बात और साफ हो गयी है।

## रणनीति के तहत सीट खाली करायी गयी

प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक में गांडेय सीट खाली करने के लिए विधायकों ने सरफराज अहमद का धन्यवाद किया। सूत्रों के मुताबिक हेमंत सोरेन ने बैठक में कहा कि यह सीट रणनीति के तहत खाली करायी गयी है। भविष्य में कुछ अनहोनी होती है, तो इस पर कोई निर्णय लिया जायेगा। बैठक मे उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री हैं और आगे भी रहेंगे। वह इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। यह केवल भाजपा द्वारा फैलायी गयी अफवाह है।

## बैठक में 42 विधायक रहे मौजूद

बैठक में नलिन सोरेन, सुदिव्य कुमार सोनू, बेबी देवी, समीर मोहंती, रामदास सोरेन, निरल पूर्ति, जोबा मांझी, सुखराम उरांव, दशरथ गगराई, मिथिलेश ठाकुर, अंबा प्रसाद, जयमंगल सिंह समेत 42 विधायक शामिल रहे। कांग्रेस और झामुमो के दो-दो विधायक नहीं थे। वे निजी कार्यों में व्यस्त होने के कारण बैठक में नहीं आये। सूत्रों के मुताबिक सभी विधायकों को अभी रांची में ही रहने के लिए कहा गया है। एक-दो दिन में वनभोज का कार्यक्रम बनाने की भी योजना है। इस्तीफा देने के बाद भी सरफराज अहमद बैठक में पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुझे बैठक में बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि पार्टी को जरूरत थी, इसलिए उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया।

### किसने क्या कहा

हेमंत सोरेन अभी मुख्यमंत्री हैं और आगे भी मुख्यमंत्री बने रहेंगे -प्रदीप यादव, कांग्रेस विधायक

सरकार पर कोई संकट नहीं है। सीएम हेमंत सोरेन हैं और वहीं बरकरार रहेंगे उन्होंने कहा कि इस्तीफे की बात सही नहीं है। जैसा है वैसा चलता रहेगा
मथुरा महतो, झामुमो विधायक

हेमंत सोरेन हमारे सर्वमान्य नेता हैं। वही मौजूद रहेंगे
- मंत्री मिथिलेश ठाकुर

बैठक में एक लिफाफा था। मैंने उस लिफाफा को खोला, जिस पर लिखा था, अगले 25 साल तक हेमंत सोरेन की सरकार रहेगी - इरफान अंसारी, कांग्रेस विधायक

## न्यूज रील्स

### केजरीवाल इडी के सामने पेश नहीं हुए

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को भी इडी के सामने पेश नहीं हुए। इडी ने उन्हें तीसरी बार समन भेज कर 3 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था। केजरीवाल की ओर से इडी को कहा गया है कि वे राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस की तैयारियों में व्यस्त हैं। उनसे जो भी पूछना हो लिखित में भेज दें। आम आदमी पार्टी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले नोटिस क्यों जारी किया गया है। पार्टी के तीन नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह शराब नीति केस में जेल में हैं।

### पटना में इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

पटना। दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट की बुधवार को पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। पटना एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गयी। विमान 10 मिनट तक हवा में रही। फ्लाइट का आगे का पहिया अंदर नहीं जा रहा था। मामले सामने आते ही पायलट ने एटीसी को जानकारी दी। इसके तुरंत बाद वापस रन-वे पर उतारा गया। विमान में बिहार के मंत्री संजय झा और जदयू सांसद सुनील कुमार समेत 187 यात्री थे। सभी सुरक्षित हैं।

### कांग्रेस नेता ने गोधरा जैसा कांड होने की आशंका जतायी

बेंगलुरु। कर्नाटक कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने आशंका जतायी है कि 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले कर्नाटक में गोधरा जैसा कांड हो सकता है। इसलिए कर्नाटक सरकार को सतर्क रहना चाहिए। अयोध्या जाने के इच्छुक लोगों के लिए सही व्यवस्थाएं की जानी चाहिए, ताकि हमें एक और गोधरा कांड न देखना पड़े। उन्होंने कहा कि कुछ संगठनों के प्रमुख कुछ राज्यों में गये थे। वहां कुछ भाजपा नेताओं को उकसाया भी है। मैं ये खुलकर नहीं कह सकता हूं, लेकिन वे लोग ऐसा कर रहे हैं। वे ऐसे हादसों की साजिश रच रहे हैं।

### झारखंड में सियासी हलचल के बीच इडी का छापा

# साहिबगंज डीसी, प्रेस सलाहकार, पूर्व विधायक और कारोबारी के यहां दबिश

- सुबह-सुबह आधा दर्जन ठिकानों पर पहुंचे इडी अधिकारी
- साहिबगंज डीसी के कैंप कार्यलय से आठ लाख और 14 गोली जब्त

**आजाद सिपाही टीम**

**रांची/साहेबगंज/देवघर/हजराबीग।** झारखंड में सियासी हलचल के बीच प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। साहिबगंज के डीसी, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार समेत नेता, अधिकारी और कारोबारी पर दबिश बढ़ा दी गयी है। इडी ने अवैध खनन मामले में बुधवार सुबह एक साथ साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव, सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद (पिंटू), देवघर में पूर्व विधायक पप्पू यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, आर्किटेक्ट बिनोद कुमार, साहिबगंज में खोदनिया ब्रदर्स और होटवार जेल के सिपाही अवधेश कुमार के ठिकानों पर छापा मारा। यह छापा रांची, हजारीबाग, देवघर, साहिबगंज के अलावा कोलकाता और राजस्थान के ठिकानों पर मारे गये हैं। सूत्रों के मुताबिक साहिबगंज डीसी के कैंप कार्यालय से आठ लाख रुपये नगद बरामद हुए। वहां से 14 गोली भी मिली है। इडी यह पता कर रही है कि गोली लाइसेंसी है या नहीं। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार पिंटू के घर का लॉकर इडी ने खुलवाया। यहां से इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस मिलने की बात सामने आ रही है। उसमें क्या है, यह अभी पता नहीं चला है। वहीं खोदनिया ब्रदर्स के यहां से छह लाख रुपये बरामद हुए हैं। अन्य जगहों पर की गयी छापेमारी में संदिग्ध कागजात बरामद होने की बात सामने आ रही है। विनोद कुमार के रांची में रोस्पा टावर स्थित कार्यालय को सील कर दिया गया है। खुदिरया ब्रदर्स के यहां से एक सिरीयल नंबर से 30 बैंक खाते मिले हैं। वहीं, विनोद सिंह के यहां से एक बड़े व्यक्ति का चेक बुक मिला है। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी।

**घर का लॉकर खुलवाया :** मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार के रांची स्थित घर पर सुबह-सुबह भारी सुरक्षा बल के साथ इडी अधिकारी पहुंचे। तलाशी के दौरान इडी की टीम ने मिस्त्री बुला कर घर में स्थित लॉकर खुलवाया। लॉकर से इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस मिलने की बात सामने आ रही है।

### कहां-कहां हो रही है इडी की छापेमारी

- आइएएस और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव के साहिबगंज और राजस्थान स्थित आवासों पर
- सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के रांची स्थित आवास पर
- रांची में आर्किटेक्ट बिनोद कुमार के ठिकानों पर
- हजारीबाग में डीएसपी राजेंद्र दुबे के घर पर
- साहिबगंज में खोदनिया ब्रदर्स के ठिकानों पर
- अभय सरावगी के कोलकाता स्थित ठिकानों पर
- देवघर में पूर्व विधायक पप्पू यादव के आवास पर
- रांची में होटवार जेल के सिपाही अवधेश कुमार के यहां

### पप्पू यादव के निर्माणाधीन होटल में छापेमारी

देवघर के कास्टर टाउन मुहल्ला निवासी पूर्व विधायक राजकिशोर प्रसाद उर्फ पप्पू यादव के कंचन गोपाल अपार्टमेंट स्थित फ्लैट संख्या 502 में इडी की टीम बुधवार की अहले सुबह छापेमारी के लिए पहुंची। इसके अलावा पप्पू यादव बैद्यनाथ धाम स्टेशन के समीप एक होटल बनवा रहे हैं। इडी ने यहां भी छानबीन और पूछताछ की है। यहां का विस्तृत ब्योरा अभी नहीं मिल पाया है।

### साहिबगंज डीसी से पूछताछ जारी

इडी की टीम सुबह-सुबह साहिबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव के आवास पर पहुंची। उस वक्त वह परिसर में टहल रहे थे। उनके यहां जांच में कई दस्तावेज और आठ लाख रुपये नगद बरामद हुए। उनसे खनन घोटाले में पूछताछ जारी है।

### डीएसपी राजेंद्र दुबे पहले से थे रडार पर

इडी की बारह सदस्यों की टीम डीएसपी राजेंद्र दुबे के हजारीबाग स्थित आवास पर पहुंची। वह पूर्व में साहिबगंज के एसडीपीओ रह चुके हैं। अवैध खनन के मामले में दुबे इडी के रडार पर पहले से रहे हैं। पूर्व में इन पर आरोप लगा था कि उन्होंने रिम्स में पंकज मिश्रा से कई बार मुलाकात की थी।

### अधिकारियों का करीबी है रौशन

इडी ने रौशन के रातू रोड स्थित आवास पर छापा मारा। चर्चा है कि रौशन का सरकारी अधिकारियों के साथ करीबी रिश्ता रहा है। रौशन की हनक का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि रांची के प्रमुख अंचल जैसे नामकुम, ओरमांझी, रातू, कांके, हेहल, अरगोड़ा और नगड़ी के अलावा एसी कार्यालय में वह बिना किसी रोक-टोक के घुसता था। आर्किटेक्ट विनोद कुमार के यहां भी छापा मारा गया है। उनके रांची में रोस्पा टावर स्थित कार्यालय को सील कर दिया गया है। यहां से 14 लाख नगद और एक नामी व्यक्ति का चेक बुक मिलने की बात सामने आ रही है। अभय सरावगी के यहां भी छापा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्यपाल को लिखा पत्र

# उपचुनाव कराने में नियमों का पालन हो: बाबूलाल

- गांडेय विधानसभा उपचुनाव पर नियम का किया जिक्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भारत के निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने गांडेय विधानसभा में उपचुनाव कराने से पहले नियमों का पालन करने की बात कही है। पत्र में कहा गया है कि न्यायालय द्वारा की गयी टिप्पणी से यह स्पष्ट हो गया कि कार्यकाल की शेष अवधि की गणना उस तारीख से की जानी चाहिए, जिस दिन आनेवाले सदस्य को निर्वाचित घोषित किया जाता है। इस प्रकार इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब उपचुनाव झारखंड में नहीं हो सकता है। यह उल्लेख करना उचित होगा कि इसीआइ भी इसी स्थिति को स्वीकार करता है और उसने 9 अक्टूबर 2018 की प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भी यही रुख अपनाया है। ऐसे में अगर कोई गैर विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करता है और उसका अनुरोध मान लिया जाता है, तो यह पूरे राज्य को संवैधानिक संकट में डाल देगा। एसआर चौधरी बनाम पंजाब राज्य 2001, 7 एससीसी 126 मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गैर-विधायक बनने की प्रथा की निंदा की है। मेरी राय है कि किसी ऐसे व्यक्ति को, जो विधानमंडल का सदस्य नहीं है। उसके बिना लगातार छह महीने की अवधि के लिए बार-बार मंत्री नियुक्त करने की अनुमति देना संविधान को नष्ट करना होगा। यह प्रथा स्पष्ट रूप से संवैधानिक योजना के प्रति अपमानजनक, अनुचित, अलोकतांत्रिक और अमान्य होगी। अनुच्छेद 164-4 केवल विधायिका के मंत्री होने के सामान्य नियम के अपवाद की प्रकृति में है, जो लगातार छह महीने की छोटी अवधि तक सीमित है। इस अपवाद को अत्यंत असाधारण स्थिति से निपटने के लिए अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाना आवश्यक है और इसका कड़ाई से अर्थ लगाया जाना चाहिए और संयमित रूप से उपयोग किया जाना चाहिए। स्पष्ट आदेश है कि यदि संबंधित व्यक्ति लगातार छह महीने की छूट अवधि के भीतर विधायिका के लिए निर्वाचित नहीं हो पाता है, तो वह मंत्री नहीं रह जायेगा। ऐसे में उपचुनाव की अनुमति नहीं दी जा सकती।






# वकील साहब धीरे बोलें, वर्ना बाहर कर दूंगा: सीजेआइ

- कहा, 23 साल के करियर में ऊंची आवाज से कोई दबा नहीं सका, आगे भी ऐसा नहीं होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआइ) डीवाई चंद्रचूड़ एक वकील पर नाराज हो गये। वकील एक याचिका की लिस्टिंग को लेकर सीजेआइ से तेज आवाज में बोल बैठे। इस पर जस्टिस चंद्रचूड़ ने वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि आप आवाज नीचे करके बात करें, नहीं तो कोर्ट से बाहर करवा दूंगा। सीजेआइ ने वकील से कहा कि एक सेकेंड, पहले अपनी आवाज धीमी करें। आप सुप्रीम कोर्ट में खड़े होकर अपनी बात रख रहे हैं। अगर आपको लगता है कि ऊंची आवाज में बात कर आप कोर्ट को डरा सकते हैं, तो आप गलत हैं। मेरे 23 साल के करियर में इस तरह से किसी ने मुझसे बात नहीं की। करियर के बचे हुए एक साल में भी ऐसा नहीं होने दूंगा।

चीफ जस्टिस ने वकील से कहा कि आपको पता होना चाहिए कि आप कहां खड़े हो रहे हैं। क्या आप हर बार जस्टिस पर इसी तरह चिल्लाते हैं? चीफ जस्टिस की चेतावनी के बाद वकील ने तुरंत माफी मांगी और विनम्र होकर आगे अपनी बात कोर्ट के सामने रखी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,900 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# पीएम मोदी ने संभाली 'मिशन द्रविड़ फतह' की कमान

## ■ दक्षिण के दुर्ग को भेदने के लिए भाजपा ने तैयार की है व्यापक रणनीति

## ■ काशी-तमिल संगमम जैसे अभियान भी इसी रणनीति का अहम हिस्सा हैं

## ■ तमिलनाडु और केरल का दौरा कर पीएम ने एक साथ साध लिये कई निशाने

**2024 के चुनाव में उत्तर-दक्षिण का अंतर पाटने की कोशिशों के तहत भाजपा ने दक्षिण भारत के दुर्ग को भेदने के लिए 'मिशन द्रविड़ फतह' तय किया है। इस मिशन की कमान सीधे पीएम नरेंद्र मोदी ने थाम ली है। पीएम ने नये साल की शुरुआत दक्षिण भारत से की है, जहां उन्होंने हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के लिए दक्षिण भारत खासा अहम है। इसके पीछे वजह है कि उत्तर भारत में लोकसभा सीटों के लिहाज से भाजपा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुकी है। उत्तर भारत में भाजपा के पास अब लोकसभा की सीटें और बढ़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि यहां वह सैचुरेशन के स्तर पर है। भाजपा को यह भी एहसास है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के चलते तेलंगाना में उसे नुकसान हुआ है। ऐसे में भाजपा को लगता है कि अगर लोकसभा चुनाव में उसकी सीटें कम होती हैं, तो उसकी भरपाई या उसको बढ़ाने की गुंजाइश दक्षिण भारत में वोट और लोकसभा सीट लेकर की जा सकती है। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उत्तर भारत के राज्यों में ज्यादा जोर लगाया और सीटें जीतीं। साल 2019 में भाजपा ने पूर्वोत्तर, मसलन असम, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और दूसरे छोटे राज्यों पर फोकस किया था। अब 2024 में भाजपा की नजर दक्षिण भारत पर है, जहां से वह बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद में जी-तोड़ मेहनत कर रही है। भाजपा को लगता है कि दक्षिण भारत में अच्छे प्रदर्शन का फायदा उसे वोट प्रतिशत और सीट बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। इसी मकसद से पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण, स्मृति इरानी, पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी जैसे केंद्रीय मंत्री लगातार दक्षिण भारत के राज्यों में दौरा कर रहे हैं। इसके अलावा मोदी सरकार परियोजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के जरिये दक्षिण भारत में भाजपा का रास्ता आसान बनाने की कोशिशों में लगी है, तो वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये भी उत्तर से दक्षिण भारत के बीच में भाजपा के लिए सेतु बनाने की कोशिश में लगी है। भाजपा की इसी रणनीति और इसके संभावित असर के बारे में विस्तार से बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

भाजपा ने नये साल में 2024 के लिए 'मिशन 400' की धमाकेदार शुरुआत की है। पार्टी ने इस बार दक्षिण भारत पर फोकस किया है और 'मिशन द्रविड़ फतह' के तहत दक्षिण भारत की 84 सीटों को जीतने की रणनीति तैयार की है। भाजपा के लिए इस बार दक्षिण का दुर्ग भेदना कितना जरूरी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस मिशन की कमान सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सौंपी गयी है। इसलिए पीएम मोदी ने नये साल की शुरुआत दो दिन के तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप के दौरे से की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दौरे के पहले दिन तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का उद्घाटन किया और भारतीदासन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुए। पीएम मोदी ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में करीब 20 हजार करोड़ रुपये की लागत से कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री मोदी का इस चुनावी साल में किसी राज्य का पहला दौरा भी है। ऐसे समय में, जब भाजपा को लेकर उत्तर बनाम दक्षिण की बहस भी छिड़ी हुई है, पीएम मोदी के इस दौरे के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे को कुछ ही महीने बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव और भाजपा के 'मिशन द्रविड़ फतह' से जोड़ कर देखा जा रहा है।

### दक्षिण में भाजपा की चुनौतियां

दक्षिण में विस्तार के लिए भाजपा की रणनीति क्या है, यह जानने से पहले इसकी चर्चा जरूरी है कि दक्षिण में भाजपा के सामने चुनौतियां क्या हैं। दक्षिण के राज्यों में भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती हिंदी पट्टी की पार्टी वाली छवि से बाहर निकलने की है। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों एक निजी चैनल के कार्यक्रम के मंच पर कहा था कि 2024 के चुनाव के बाद यह बहस समाप्त हो जायेगी। चुनावी साल की शुरुआत के साथ ही भाजपा ने विपक्ष का दक्षिणी दुर्ग भेदने के लिए अपने सबसे बड़े चेहरे पीएम मोदी को मैदान में उतार दिया है, तो इसके अपने रणनीतिक मायने भी हैं।



### दक्षिण भारत की 84 सीटों पर भाजपा का फोकस

दक्षिण भारत में 131 लोकसभा सीटें हैं। इसमें से तमिलनाडु में 39, आंध्रप्रदेश में 25, कर्नाटक में 28, केरल में 20, तेलंगाना में 17, पुद्दुचेरी और लक्षद्वीप में एक-एक सीट है। इनमें भाजपा का फोकस उन 84 सीटों पर है, जो भाजपा कभी नहीं जीती है। इन सीटों का क्लस्टर बना कर इनकी जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्रियों को दी गयी है। तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, केरल और तमिलनाडु को लेकर लगातार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह बैठकें कर रहे हैं। तेलंगाना विधानसभा में भाजपा का वोट प्रतिशत सात फीसदी से बढ़ कर 14 फीसदी हो गया। कर्नाटक में भाजपा ने 2019 में 28 में से 25 सीटें जीती थी। अब जेडीएस से तालमेल के बाद भाजपा ने 2024 में वही प्रदर्शन दोहराने का लक्ष्य रखा है। आंध्रप्रदेश को लेकर भाजपा दुविधा में है। टीडीपी से गठबंधन को लेकर उसने अभी तक मन नहीं बनाया है। तमिलनाडु और केरल में भाजपा के सामने चुनौतियां हैं। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक से गठबंधन टूटने के बाद भाजपा के लिए चुनौतियां बढ़ गयी हैं, पर भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले अन्नाद्रमुक से गठबंधन को लेकर आशान्वित है।

### दक्षिण को लेकर क्या है भाजपा की रणनीति

दक्षिण भारत की सियासत में पैर जमाने की जुगत में जुटी भाजपा की रणनीति सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति और केंद्र सरकार की विकास योजनाओं के सहारे अपनी विश्वसनीयता स्थापित करने के इर्द-गिर्द नजर आती है। 'मिशन द्रविड़ फतह' में भाजपा का फोकस कर्नाटक और तेलंगाना के बाद अब तमिलनाडु पर है। तमिलनाडु से भाजपा को उम्मीद नजर आ रही है, तो इसके पीछे 2021 के विधानसभा चुनाव में चार सीटों पर पार्टी को मिली जीत भी है। हालांकि तब भाजपा ने अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था और अब यह गठबंधन टूट चुका है।

### सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बुनियाद तैयार की भाजपा ने

इसलिए तमिलनाडु को लेकर भाजपा ने रणनीति में बदलाव किया है। उसने तमिल प्रदेश को साधने के लिए पीएम मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी को केंद्र बना कर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बुनियाद तैयार की। साल 2022 में पहली बार काशी-तमिल संगमम का आयोजन हुआ और हाल ही में दूसरे काशी तमिल संगमम का भी आयोजन हुआ था। इस आयोजन में खुद पीएम मोदी ने भी शिरकत की थी। काशी-तमिल संगमम में भी पीएम के संबोधन का केंद्र तमिल साधु-संत-कवि और महापुरुष थे। पीएम मोदी ने अब तिरुचिरापल्ली से तमिलनाडु को करीब 20 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात तो दी ही, लगे हाथ साधु-संतों के साथ ही तमिलनाडु की समृद्ध भाषा और संस्कृति की भी चर्चा कर डाली। तमिलनाडु भाषा विवाद को लेकर चर्चा में रहता है और ऐसे में पीएम मोदी का भाषा और संस्कृति पर बात करना भाजपा की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की रणनीति से ही जोड़ कर देखा जा रहा है। इसके अलावा भाजपा ने दक्षिण भारत में जीत के लिए सांस्कृतिक पहल भी की है। संसद में सेंगोल रखा गया। काशी तमिल संगमम और सौराष्ट्र तमिल संगमम का आयोजन किया गया। अयोध्या के मंदिर शिल्पकार और मूर्तिकारों का दक्षिण भारत से कनेक्शन है।

### संगठन खड़ा करने की कवायद

कर्नाटक को छोड़ दें, तो दक्षिण भारत के अधिकतर राज्यों में भाजपा ठीक से अपना संगठन भी खड़ा नहीं कर पायी थी। पिछले कुछ साल में भाजपा ने तेलंगाना और तमिलनाडु के साथ ही केरल और दूसरे राज्यों में संगठन खड़ा करने पर फोकस किया है।

भाजपा इसके लिए अपने तेलंगाना मॉडल को आगे रख कर काम कर रही है। तेलंगाना में भाजपा ने तत्कालीन केसीआर सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन, परिवारवाद को लेकर सड़कों पर उतर आंदोलन किया और अब पार्टी तमिलनाडु में भी इसी फॉर्मूले पर आगे बढ़ती दिख रही है।

### लोकप्रिय हस्तियों को पार्टी से जोड़ने पर फोकस

लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन का गणित साधने के साथ ही भाजपा का फोकस लोकप्रिय हस्तियों को पार्टी से जोड़ने पर भी है। कर्नाटक में एचडी देवगौड़ा की पार्टी जनता दल सेक्यूलर के साथ गठबंधन हो या आंध्रप्रदेश में पवन कल्याण की जनसेना पार्टी से तालमेल भाजपा की इसी रणनीति का हिस्सा है। केरल, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के चार लोकप्रिय चेहरों पीटी उषा, इलैयाराजा, वीरेंद्र हेगड़े और वी विजयेंद्र प्रसाद को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया जाना भी भाजपा की इसी रणनीति का हिस्सा बताया जा रहा है।

---

## राजनीतिक हलचल

# गले की फांस बन जाते ड्राइवर, खुफिया अलर्ट से सरकार सतर्क, राम मंदिर समारोह को प्रभावित करने की थी तैयारी

**राष्ट्रीय राजमार्ग जाम और रेलवे ट्रैक पर भारी वाहन खड़ा करने की थी तैयारी, 26 जनवरी को भी प्रभावित करने की थी साजिश**



देश में हिट एंड रन के नये कानून को लेकर ट्रक-बस चालकों की हड़ताल का असर आम जनजीवन पर पड़ने लगा था। इसके अलावा देश में दो बड़े आयोजन भी थे। एक, 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह और दूसरा, देशभर में आयोजित होनेवाले गणतंत्र दिवस कार्यक्रम। केंद्र सरकार में उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया, इस मामले में एक खुफिया अलर्ट भी मिला था। वह अलर्ट ऐसा था, जिसने सरकार की नींद उड़ा दी थी। उसके चलते केंद्रीय गृह मंत्रालय को फौरी तौर से अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक करनी पड़ी। उस अलर्ट में ऐसी आशंका जतायी गयी थी कि देश में कुछ राजनीतिक दलों से जुड़े लोग 'ट्रक/बस ड्राइवर हड़ताल' को किसान आंदोलन की तर्ज पर आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। उत्तरप्रदेश सहित कई राज्यों में इस हड़ताल ने उग्र रूप लेना शुरू कर दिया था।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, ड्राइवर ही देश के ड्राइवर बदल देंगे। यादव ने कहा, ड्राइवरों का दर्द वही समझ सकता है, जिन्होंने उनके साथ रोटी साझा की है। ड्राइवरों के खिलाफ लाये गये काले कानून के विरोध में हमारी तरह देश-प्रदेश की जनता भी ड्राइवरों के साथ खड़ी है। इस मामले में दंभी भाजपा सरकार को बैक गियर भी डालना होगा और यू-टर्न भी करना होगा। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हिट एंड रन कानून और ट्रक ड्राइवरों के प्रदर्शन को लेकर केंद्र सरकार पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि बिना चर्चा के कानून बनाने की जिद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है। जब 150 से अधिक सांसद निलंबित थे, तब संसद में शहंशाह ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, ड्राइवर्स के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया, जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं। सीमित कमाई वाले इस मेहनती वर्ग को कठोर कानूनी भट्ठी में झोंकना, उनकी जीवनी को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। इस कानून का दुरुपयोग, संगठित भ्रष्टाचार के साथ वसूली तंत्र को बढ़ावा दे सकता है। लोकतंत्र को चाबुक से चलाने वाली सरकार शहंशाह के फरमान और न्याय के बीच का फर्क भूल चुकी है। प्रियंका गांधी ने भी इस मामले में केंद्र सरकार को घेरने का प्रयास किया।

सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को ट्रक ड्राइवर हड़ताल के दौरान खुफिया अलर्ट मिला था। कुछ राजनीतिक दल, इस हड़ताल को किसान आंदोलन की तरह आगे बढ़ाना चाहते थे। खासतौर पर उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, ओड़िशा, मध्यप्रदेश और तमिलनाडु सहित कई दूसरे राज्यों में इस हड़ताल को लंबा खींचने की तैयारी हो रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने के अलावा रेलवे ट्रैक पर भी भारी वाहन खड़ा करने का अलर्ट सामने आया था। अगर यह हड़ताल आगे बढ़ती, तो केंद्र सरकार के दो बड़े आयोजनों पर संकट मंडरा सकता था। एक, राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और दूसरा गणतंत्र दिवस समारोह। देशभर से लाखों लोग अयोध्या पहुंचेंगे। हड़ताल के दौरान वहां पर जरूरी सामान और निर्माण से जुड़ी वस्तुओं का पहुंचना मुश्किल हो जाता। इस तरह के अलर्ट के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय सतर्क हो गया। सबसे पहले ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों से संपर्क साधा गया। आनन-फानन में एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र कपूर के माध्यम से एक अपील जारी की गयी। राजेंद्र कपूर ने सभी परिवहन चालकों और स्वामियों से अपील करते हुए कहा, इस विषय में बातचीत से हल संभव है। सभी लोग धैर्य से काम लें। ये कानून अगर लागू भी होंगे तो वे एक अप्रैल 2024 से अस्तित्व में आयेंगे। सरकार के समक्ष मजबूती से ड्राइवरों का पक्ष रखा जायेगा।

मंगलवार को देर शाम हिट एंड रन के नये कानून को लेकर अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस और गृह मंत्रालय के बीच लंबी बातचीत हुई। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने भी अपना बयान जारी कर दिया। उन्होंने कहा, हमने आज अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस के प्रतिनिधियों से चर्चा की है। सरकार ये बताना चाहती है कि नये कानून एवं प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। हम ये भी कहना चाहते हैं कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श करने के बाद ही निर्णय लिया जायेगा। इसके बाद ट्रक/बस ड्राइवरों की हड़ताल वापस ले ली गयी।

---

# नीतीश कुमार के संयोजक बनने की तस्वीर साफ!



आठ महीने से जारी मेहनत नीतीश कुमार के लिए अब रंग ला रही है। विपक्षी मोर्चे की उलझी पहेलियों के बीच नीतीश कुमार के संयोजक बनने की तस्वीर लगभग साफ हो गयी है। अब कयास लगाये जा रहे हैं कि नीतीश कुमार विपक्ष की ओर से पीएम पद के सबसे बड़े दावेदार भी हो सकते हैं। इतिहास में एक बार ऐसा हो भी चुका है। राष्ट्रीय मोर्चा नाम से बने गठबंधन में विश्वनाथ प्रताप सिंह संयोजक थे और इसी मोर्चे ने उनको प्रधानमंत्री भी बना दिया था। दरअसल पटना में हुई बैठक में सभी 15 दल नीतीश कुमार को संयोजक बनाने पर एकमत नजर आये। शिमला मीटिंग में इसकी औपचारिक घोषणा हो सकती है। 10-15 जुलाई के बीच शिमला में विपक्षी एकता की दो दिवसीय बैठक प्रस्तावित है।

गठबंधन की राजनीति में संयोजक का पद काफी महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। 1996 में कम सीट होने के बावजूद हरिकिशन सिंह सुरजीत ने संयुक्त मोर्चा की सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभायी थी। 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा के कन्वेनर रहे वीपी सिंह चुनाव के बाद प्रधानमंत्री बन गये। गठबंधन राजनीति के खेल में भाजपा भी उतरी और समाजवादी जॉर्ज को एनडीए का संयोजक बनाया गया। अटल सरकार में मंत्रियों के पोर्टफोलियो तय करने में जॉर्ज की राय अहम मानी जाती थी। हालांकि, गठबंधन पॉलिटिक्स में कई ऐसे संयोजक भी रहे, जो सिर्फ मीडिया की सुर्खियां बन कर रह गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.0 °C | 10.9 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.19 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.30 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# स्थिति बदलने के बाद लिया जायेगा कोई निर्णय : गुलाम अहमद मीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पार्टी के विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी ने कहा कि विधायक दल की बैठक पांच दिनों से प्रस्तावित थी।

वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने डिप्टी सीएम के सवाल पर कहा कि जब स्थिति बदलेगी, उसके बाद बातें होंगी।

**गठबंधन की बैठक कई मायने में अहम :** आलमगीर आलम ने कहा कि 2022 में सरकार के अस्थिर होने की बात सामने आयी थी, तब भी महागठबंधन के विधायकों की बैठक सीएम आवास में हुई थी। उस वक्त 48 विधायक सरकार के समर्थन में खड़े थे।



## कांग्रेसियों ने किया प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर का स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, बोकारो से साधु शरण गोप, धनबाद से मोंजिन्ना, लोहरदगा से प्रदीप विश्वकर्मा, रांची से रमेश उरांव, फिरोज रिजवी मुन्ना, अभिषेक साहू, संजीत यादव, शिव शंकर उरांव, कुमुद रंजन, पप्पू सिंह, डॉ सुषमा केरकेट्टा ने कांग्रेस प्रभारी गुलाम अब्दुल मीर से मुलाकात कर नये वर्ष की बधाई दी। अंगवस्त्र भेंट किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि औपचारिक मुलाकात में संगठन को लेकर प्रभारी से एक सकारात्मक बातचीत हुई है। वर्तमान प्रभारी मृदुभाषी, मिलनसार और गंभीर नेता हैं। 2024 देश की राजनीति और झारखंड की राजनीति के लिए काफी महत्वपूर्ण वर्ष है। झारखंड कांग्रेस के नेताओं कार्यकर्ताओं को वर्तमान प्रभारी से काफी आशाएं और अपेक्षाएं हैं।

### हाइकोर्ट ने मैनहर्ट कंपनी को बनाया प्रतिवादी

# विधायक सरयू राय के आरोपों पर मांगा जवाब

**मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर का कार्य दिये जाने में 21 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगा है**

आजाद सिपाही संवाददात

**रांची।** मैनहर्ट घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज पीइ ( प्रारंभिक जांच) के आलोक में एफआइआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में कोर्ट ने मैनहर्ट कंपनी के द्वारा दाखिल हस्तक्षेप याचिका (आइए) को स्वीकार करते हुए मामले में मैनहर्ट कंपनी को प्रतिवादी बनाया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मैनहर्ट कंपनी को सरयू राय द्वारा लगाये गये आरोपों पर तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एसीबी के एसपी सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से पीइ की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गयी थी।

दरअसल, पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी सरयू राय द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि दिसंबर 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीई दर्ज की थी, लेकिन अब तक इसकी रिपोर्ट नहीं आयी है। इस पर कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके आलोक में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि मामले में अभी जांच चल रही है। एसीबी की ओर से बताया गया था कि इस मामले की जांच जारी रखने के संबंध में राज्य सरकार से लीगल ओपिनियन मांगा गया है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि लीगल ओपिनियन मांगे जाने का मामला सरकार के पास एक साल से अधिक समय से लंबित है। अगस्त 2022 में ही एसीबी ने सरकार से लीगल ओपिनियन मांगा था, लेकिन अब तक उस पर कुछ नहीं हुआ है।

## राजीव अरुण एक्का को एसीएस रैंक में प्रोन्नति

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजीव अरुण एक्का को लेवल 17 में 2.25 लाख के वेतनमान पर प्रमोशन देते हुए अपर मुख्य सचिव बनाया है। अब वह पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव होंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

# हाइकोर्ट ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले में अनुसंधानकर्ता को कड़ी फटकार लगायी। कोर्ट ने कहा कि जब विधि विज्ञान निदेशालय और प्रयोगशाला रांची से बरामद बच्चे की डीएनए रिपोर्ट 12 दिसंबर को प्राप्त हो चुकी थी, जिसमें इस बात की पुष्टि हो गयी थी कि पुलिस द्वारा बरामद किये गये बच्चे का डीएनए पिता से मैच नहीं किया है।

यानी वह बायोलॉजिकल पुत्र नहीं है, तो फिर लापता दोनों बच्चों को खोजने की कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी अनुसंधानकर्ता को फिर से सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जस्टिस एसएन प्रसाद की कोर्ट ने बुधवार को अनुसंधानकर्ता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि तीन सप्ताह में लापता बच्चों को ढूंढ़ा जाये, अन्यथा साहिबगंज एसपी को कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित होना होगा। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्युष लाला और अधिवक्ता दीपक साहू ने पक्ष रखा। विधि विज्ञान निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर बृज कुमार ठाकुर ने हाइकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कोर्ट ने 8 नवंबर को विधि विज्ञान निदेशालय से बरामद बच्चे और उसके पिता की डीएनए रिपोर्ट मांगी थी।

डीएनए रिपोर्ट में बरामद बच्चे और उसके पिता का डीएनए मैच नहीं हुआ है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि वह बरामद लड़का पिता का बायोलॉजिकल पुत्र नहीं है।

खंडपीठ ने पूर्व की सुनवाई में दो गुमशुदा बच्चों में से पुलिस द्वारा बरामद किये गये एक बच्चे के डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट डायरेक्टर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री रांची से मांगी थी।

पूर्व तट रेलवे
Tender Notice No.: 60/ET/SBP /ENGG/2023-24, Dtd. 28.12.2023
e-Tender No.: 47-eT-SDENC-SBP-23
कार्य का नाम: संबलपुर मंडल के सीनीयर डीईएन/सेंट्रल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सरला, डुंगरीपाली (DN) सेक्शन के बीच TSR (P)–8-4 TKM और हीराकुद–संबलपुर (DN) सेक्शन के बीच TSR (P) –0.37 TKM.
कार्य की अनुमानित लागत: ₹1,53,27,319.54
निविदा सुरक्षा: ₹2,26,700/-
पूर्णता अवधि: 6 (छह) माह
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 25.01.2024 को 1500 बजे
इन ई–निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक/कूरियर/फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।
उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
निविदादाता/बोलीदाता के पास क्लास–3 डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए और वह IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई–टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं।
नोट: भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के 15 दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें।
मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजी.), संबलपुर
PR-945/O/23-24

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

### शिशु पंजीकरण कार्य में लापरवाही बरतनेवाले पर गिरेगी गाज

# कार्यों की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय टीम गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समग्र शिक्षा के तहत आउट ऑफ स्कूल, ड्रॉप आउट बच्चों के लिए शिशु पंजीकरण अद्यतन कार्यों की समीक्षा के लिए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी के निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों के लिए राज्य स्तरीय टीम का गठन किया गया है। हर जिले में 7 जनवरी तक भ्रमण कर अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों को शिशु पंजीकरण कार्यों की समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

इस समीक्षा के दौरान पीवीटीजी के क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक ने अनुश्रवण दलों में शामिल पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा है कि ऐसे शिक्षक, शिक्षा पदाधिकारी या विद्यालय के अधिकारी, जो शिशु पंजीकरण कार्यों में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें चिह्नित कर विभागीय कार्रवाई के लिए अनुशंसा करे।

समीक्षा के दौरान यदि स्कूलों के द्वारा दिये गये आंकड़ों में किसी तरह की गड़बड़ी पायी जाती है, तो इसकी सूचना तत्काल उपलब्ध करायें। उन्होंने प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के कामकाज की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। साथ ही अनुश्रवण पदाधिकारियों को जिलों के भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए पीवीटीजी बहुल गांवों के निरीक्षण का निर्देश भी दिया गया है।

### गांडेय विधानसभा सीट खाली

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग को भेजी सूचना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट खाली हो गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इसकी सूचना जारी आदेश की प्रतिलिपि के साथ भारत निर्वाचन आयोग को भेज दी है। अब चुनाव आयोग तय करेगा कि गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराया जायेगा या नहीं। इस संबंध में के रवि कुमार ने बताया कि यह एक प्रक्रिया है। इसके तहत कोई भी विधानसभा सीट खाली होने पर भारत निर्वाचन आयोग को इसकी सूचना देनी होती है।



### स्पीकर ने एक जनवरी को सरफराज के इस्तीफे को किया था स्वीकार

बताते चलें कि गांडेय विधानसभा सीट से विधायक रहे सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर 2023 को इस्तीफा दिया था। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने 1 जनवरी 2024 को इस्तीफा मंजूर कर लिया था, जिसके बाद विधानसभा सचिवालय ने लेटर जारी किया था। इस खबर के आने के बाद झारखंड में सियासी तपिश तेज हो गयी है।

# इडी से आइएएस की पत्नी प्रीति कुमार ने मांगा समय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश नहीं हुईं। वह केरल में छुट्टी मना रही हैं। उन्होंने अगली तारीख मांगी है।

इडी ने बर्लिन अस्पताल की जमीन से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए समन भेज कर 3 जनवरी को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पेश होने का निर्देश दिया था। इडी ने फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-फरोख्त की जांच के दौरान बड़गाईं के राजस्व कर्मचारी के घर से जमीन के दस्तावेज जब्त किये थे। इसके बाद सरकार के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इडी ने इस प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई की। इसके बाद प्रीति कुमार के नाम पर खरीदी गयी जमीन की मापी की गयी। इसमें जमीन पर भवन निर्माण के दौरान सरकारी जमीन के अतिक्रमण का मामला सामने आया। इसके बाद इडी ने 28 दिसंबर को प्रीति कुमार को समन भेज कर 3 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था। मंगलवार रात इडी के जांच पदाधिकारी को पत्र भेज कर प्रीति कुमार ने बताया है कि वह केरल में छुट्टियों पर गयी हैं। इसलिए उन्हें कोई और तारीख दी जाये।

### सशक्त बनाती विकसित भारत संकल्प यात्रा

# 1.64 करोड़ को आयुष्मान कार्ड वितरित

**पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 9.47 लाख से अधिक नामांकित**

**मेरा भारत कार्यक्रम में 27.31 लाख युवा पंजीकृत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गयी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा अब गति पकड़ने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से इस यात्रा को हरी झंडी दिखायी थी। यात्रा का लक्ष्य 25 जनवरी तक देश भर में 2.60 लाख ग्राम पंचायतों और 4000 शहरी स्थानीय निकायों को कवर करना है। यह यात्रा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए देश के दूर-दराज इलाकों में भी अपना सफर तय कर चुकी है। केंद्र सरकार की यह पहल सुनिश्चित करती है कि राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति, दूरस्थ इलाकों में सभी लोग कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। यात्रा के दौरान जनता को ऑन स्पॉट पीएम उज्ज्वला योजना नामांकन, एमवाइ भारत स्वयंसेवक पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। बड़ी संख्या में नागरिक भी विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ रहे हैं, जो यात्रा में पर्याप्त जन भागीदारी को दर्शाती है। संकल्प यात्रा के जरिये जनता को उनके उचित विशेषाधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

यात्रा के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन प्रदान करने के लिए 9.47 लाख लोगों को पंजीकृत किया गया है। इसी प्रकार 1.64 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किये जा चुके हैं, जिससे नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का व्यापक स्वास्थ्य कवरेज का लाभ मिलेगा।

यात्रा के दौरान 18.15 लाख लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना बीमा प्रदान किया जा चुका है। 10.86 लाख नागरिक जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभान्वित हो चुके हैं। ये दोनों योजनाएं पूरे भारत में वित्तीय समावेशन को भी आगे बढ़ा रही हैं। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के अंतर्गत 6.79 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा चुका है।

यही नहीं, भारत सरकार के मेरा भारत कार्यक्रम के लिए 27.31 लाख से अधिक युवा पंजीकरण करवा चुके हैं।



### सोनाहातू में प्रचार सामग्री का वितरण

रांची (आजाद सिपाही)। पत्र सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने बुधवार को सोनाहातू प्रखंड की बारूहातु पंचायत में आम जनों के बीच प्रचार सामग्री का वितरण किया। साथ ही उन्होंने भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

# इडी से बचने के लिए सात मोबाइल यूज करता था योगेंद्र

### रेड से पहले डिलीट कर दिया सीसीटीवी और मोबाइल डाटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शराब घोटाला के जरिये मनी लांड्रिंग करने के आरोपी योगेंद्र तिवारी और उसकी अलग-अलग कंपनियों के खिलाफ अब तक हुई जांच में इडी ने कई अहम खुलासे किये हैं। इडी ने इस मामले की अब तक की जांच के बाद कोर्ट में जो आरोप पत्र दाखिल किया है, उसमें कहा गया है कि 23 अगस्त को शराब घोटाला से जुड़े केस में जब पहली बार एजेंसी ने योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर रेड की थी, तब एक मोबाइल चावल के बोरे में छुपा कर रखा हुआ मिला था। अलग-अलग जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, लेकिन सीसीटीवी का हार्ड डिस्क रेड से कुछ दिन पहले ही हटा दिया गया था। 23 अगस्त की रेड से कुछ दिन पहले दो लोग एक कार में आये और योगेंद्र तिवारी के ठिकाने से बालू और शराब के कारोबार से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण फाइल, व्यापार से जुड़े कागजात, कंप्यूटर और सीसीटीवी का हार्ड डिस्क अपने साथ ले गये।

23 अगस्त को योगेंद्र तिवारी के यहां हुई रेड में उसके पास से जो मोबाइल बरामद हुआ था, उसका सारा डाटा भी डिलीट किया जा चुका था। उसे रेड का आभास पहले से ही था, शायद इसकी वजह से उसने सभी साक्ष्य नष्ट कर दिये थे। इतना ही नहीं शराब और बालू के कारोबार के संचालन के लिए जिन मेल mihijam1234@gmail.com और mihijam810@gmail.com का इस्तेमाल किया जाता था, वे भी डिलीट कर दिये गये थे। इडी से बचने के लिए और अपनी बातचीत को गुप्त रखने के लिए योगेंद्र तिवारी ने दो सिम कार्ड का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया और दोनों सिम को सात अलग-अलग मोबाइल में डाल कर इस्तेमाल करता था।

बता दें कि इडी ने बीते वर्ष 23 अगस्त को योगेंद्र तिवारी के 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित होटल सिद्धार्थ के सामने स्थित गोदाम, बोंपास टाउन स्थित डॉ राजीव पांडेय अस्पताल के पास स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी।

## हाइकोर्ट में विधायक की ओर से मांगा गया समय

रांची (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की शिक्षिका सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड मामले में स्कूल के डायरेक्टर रहे सह पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता सहित छह लोगों को बरी किये जाने के रांची की निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रतिवादियों शशिभूषण मेहता एवं अन्य के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित की। दरअसल, मृतका सुचित्रा मिश्रा के भाई गोविंद पांडेय ने अदालत द्वारा बरी किये गये शशिभूषण मेहता समेत छह लोगों की अदालत से रिहाई के खिलाफ हाइकोर्ट में एक्विटल अपील दाखिल की है। इस पर सुनवाई के दौरान पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने शशिभूषण मेहता समेत छह लोगों को नोटिस जारी करने का निर्देश प्रार्थी को दिया था।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# जयपाल सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि दी गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर गुरुवार को कचहरी स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पर जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयपाल सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि दी गयी। उसके बाद जयपाल सिंह मुंडा की जन्मस्थली खूंटी स्थित टकरा पहान टोली का दौरा किया गया। जिसमें जयपाल सिंह मुंडा चौक पर जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जयपाल सिंह मुंडा की पुत्रवधू शांति मुंडा ने बताया कि जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर कोई नेता हाल-चाल पूछने नहीं आया। जयपाल सिंह जिस घर में रहते थे वह घर आज भी जर्जर स्थिति में है। इस मैके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, विकास बरला, बबलू एवं अन्य शामिल थे।

### जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल का मामला

# कंस्ट्रक्शन पर लगी रोक हटाने से हाइकोर्ट का इनकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मामले को सक्षम बेंच में किया ट्रांसफर**

**रांची।** जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की एलपीए की आंशिक सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में प्रतिवादियों की ओर से न्यूक्लियस मॉल के कंस्ट्रक्शन पर लगी रोक हटाने का आग्रह कोर्ट से किया गया। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले को सुनने से इनकार करते हुए मामले को सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने पक्ष रखा । वहीं अन्य प्रतिवादियों की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पैरवी की, जबकि रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने पैरवी की।

दरअसल, मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने प्रार्थी सेना के अधिकारियों की याचिका को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ सेना की ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गयी है। खंडपीठ ने बीते दिसंबर माह में जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल के कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी थी। बता दें कि हाइकोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान सेना के अधिकारियों की ओर से कहा गया था कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बन रही है, वह सेना की जमीन के बगल में है। नियम के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था। वहीं प्रतिवादियों की ओर से कहा गया था कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है, वह वर्ष 2022 का है, जो इसमें अप्लाई नहीं होता है। वर्ष 2016 की गाइडलाइन इसमें अप्लाई होती है, जिसमें कहा गया है कि सेना की जमीन से 10 मीटर की दूरी पर किसी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो सकता है। जो बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो रहा है, वह सेना की जमीन से 45 मीटर से ज्यादा दूरी पर है।

## असहाय लोगों के बीच 250 कंबल का वितरण




राची (आजाद सिपाही)। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में ठंड के प्रकोप को देखते हुए अभावग्रस्त महिलाओं, पुरुषों एवं वृद्ध व्यक्तियों के बीच लगभग 250 कंबल, मफलर एवं ऊनी मोजा का निशुल्क वितरण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, सचिव मनोज कुमार चौधरी एवं पिठोरिया के कोनकी मोजा बस्ती के समीर अंसारी, एनुल हक, मतीउर रहमान, मुखिया लाला मिली, वार्ड पार्षद नौशाद आलम, रंजीत उरांव, चंपा उरॉव, बालकुमार बैठा एवं विष्णु सोनी धीरज कुमार गुप्ता ने सयुंक्त रूप से विभिन्न बस्तियों से आये लोगों को वितरण किया।

### कार्यक्रम : जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार दिया गया

# समारोह में 78 खिलाड़ी किये गये सम्मानित

**मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर उम्मीद फाउंडेशन ने खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को किया पुरस्कृत**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर उम्मीद फाउंडेशन ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, कोच और खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं को पुरस्कृत किया। बुधवार को सीएमपीडीआइ के मयूरी हॉल में आयोजित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2023 समारोह में कुल 78 खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

समारोह में सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा डॉ महुआ माजी ने खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को अलग-अलग कैटेगरी में उन्हें सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को दिखलाया। खेल और राजनीति में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। सांसद ने कहा कि राज्य के खिलाड़यों अपनी प्रतिभा से झारखंड और देश का नाम रौशन कर रहे हैं। उम्मीद फाउंडेशन उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ा रहा है। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि जयपाल सिंह मुंडा का खेल के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय है।

उम्मीद फाउंडेशन उनकी जंयती पर खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को सम्मानित कर रही है। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक सचिव निरंजन भारती ने किया। धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय अध्यक्ष क्रीड़ा मोर्चा प्रदीप मिर्धा ने दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो, नंदलाल नायक, राम अवतार केरकेट्टा, मनोज कुमार यादव, सोमनाथ मुंडा, संगीता तिर्की, मुकेश भगत समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज

**कार्यक्रम की अध्यक्षता बबलू मुंडा ने की**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति की ओर से बुधवार से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, जगलाल पाहन ने इसका श्रीगणेश किया।

शुरुआती मैच में जयमसीह क्लब बरियातू और आदिवासी कल्ब पंडरा के बीच खेला गया। इसमें आदिवासी कल्ब पंडरा ने 3-0 से आदिवासी कल्ब पंडरा विजय हुआ। दूसरा मैच में असं कल्ब कांके और नाइन बुलेट कल्ब कवली के बीच खेला गया। इसमें 2-1 से नाइन बुलेट कवली विजय हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बबलू मुंडा ने की। कहा कि मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा झारखंड अलग राज्य की नींव रखने वाले प्रथम व्यक्ति थे। उन्हीं की सोच से झारखंड अलग राज्य की अंदोलन की शुरुआत हुई। केंद्रीय सरना समिति ने मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता करा कर उनकी जीवनी को उजागर करने का काम किया है। राज्य सरकार से मांग है कि झारखंड आंदोलनकारी को मान-सम्मान देने का काम करे। इसमें अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शोभा कच्छप, किरण तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विश्वास उरांव, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, अनिता गाड़ी, मुन्ना लकड़ा, गोविंद उरांव, माठु उरांव, मुकेश मुंडा, मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो, दिनेश महतो, संतोष उरांव आदि उपस्थित थे।

## आरयू ने 332 पेंशनर्स को सूद समेत 7.81 करोड़ एरियर का किया भुगतान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लाइफ सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं कराने वालों को नहीं मिली राशि**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2006 से 2010 के बीच के पेंशनर्स की एरियर राशि 7.81 करोड़ भुगतान किया गया। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि अदालत के आदेशानुसार 332 पेंशनर्स को उनके बकाया एरियर मद के 7.81 करोड़ की राशि का भुगतान कर दिया गया है। यह एरियर राशि छह प्रतिशत सूद के साथ दी गयी है। कुलपति ने कहा कि कुछ पेंशनर्स ने लाइफ सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं कराये हैं और उन्होंने क्लेम भी नहीं किया। वैसे पेंशनर्स का बकाया एरियर फिलहाल लंबित रह गया है। ऐसे पेंशनर्स से रांची विश्वविद्यालय द्वारा समाचारपत्रों, संबंधित वेबसाइट और पेंशनर्स ग्रुप के माध्यम से संपर्क स्थापित किया जायेगा और उन्हें बकाया एरियर राशि का भुगतान किया जायेगा।

## कोकर में खुला श्रुति जूस सेंटर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोकर जतराटांड़ एचबी रोड में श्रुति जूस सेंटर खोला गया। इसका उद्घाटन रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम ने फीता काट कर किया। इस मौके पर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचेयरमैन सूरज कुमार पासवान, संयोजक प्रकाश राम, बंसत पासवान, शिव कुमार पासवान, संजय कुमार राम, सन्नी कुमार, दीपक पासवान, संगीता देवी, पिंकी देवी, सुनीता देवी, निशा देवी, अमित कुमार, विक्की पासवान आदि उपस्थित थे।

# श्री महावीर मंडल ने दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल की ओर से अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत को देकर घरों और मंदिरों में दीप जला कर दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण राम भक्तों को दिया गया। अभियान में महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र, अशोक पुरोहित, श्रीराम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, हिंदू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष सुजीत सिंह, चैती दुर्गापूजा महासमिति के महामंत्री सह विश्व हिंदू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक, संजय सिंह लल्लू उपस्थित थे। श्री मिश्रा ने बताया कि अयोध्या से आये पूजित अक्षत को घर-घर तक श्री महावीर मंडल के द्वारा पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। अभियान के दौरान महावीर मंडल ने सभी सनातनी को 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने को कहा। कार्यक्रम में प्रतापनगर कार्यक्रम संयोजक राजेश अग्रवाल, उपेंद्र रजक, राम मनोज साहू, साहिल कुमार, सुमित साहू, जैमिश तिग्गा, दुर्गा साहू, संजीव सोनी, अमित सिंह, इंदर सिंह, रमेश केडिया, टिंकू महतो उपस्थित थे।

# डोरंडा ओल्ड जेवेरियंस ने 210 कंबल बांटे




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के पूर्ववर्ती छात्रों की संस्था डोरंडा ओल्ड जेवेरियंस ने 3 जनवरी को बढ़ती ठंड से बचाव के लिए सदर अस्पताल में कंबल बैंक के लिए 210 कंबल का वितरण किया। सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार द्वारा कंबल ग्रहण किया गया। इस अवसर पर डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में मरीज और अटेंडेंट कंबल बैंक से कंबल ले सकेंगे और इलाज पूर्ण होने के बाद उसे वापस किया जायेगा, ताकि इस पहल का लाभ और भी जरूरतमंद मरीज को मिल सके। आनेवाले दिनों में डॉक्स की टीम रिम्स में भी जरूरतमंद मरीजों के बीच में कंबल का वितरण करेगी। इस अवसर पर डॉ प्रभात कुमार, जयेश सिन्हा, उत्सव पराशर, अतुल गेरा, जसमीत सिंह कलसी, जयेश सिन्हा, आशीष बुधिया, आलोक मिनोचा, उत्सव पराशर, राहुल भाटिया, सुयश खेमका, विपुल अग्रवाल उपस्थित थे।

# जीण माता का धूमधाम से मनेगा वार्षिकोत्सव




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदि शक्ति श्री जीण माता का दो दिवसीय 14वां वार्षिकोत्सव 6 और 7 जनवरी को श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा स्थानीय मारवाड़ी भवन हरमू रोड में मनाया जायेगा।

अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि 6 जनवरी को आदि शक्ति की निशान यात्रा सेवा सदन पथ लक्ष्मी नारायण मंदिर से दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए मारवाड़ी भवन पहुंचेगी। यहां सभी निशान आदि शक्ति श्री जीण माता को अर्पित किये जायेंगे। इस निशान यात्रा में 501 निशान उठाये जायेंगे। सभी निशान लक्ष्मी नारायण मंदिर से वितरित किये जायेंगे। इस निशान यात्रा का संचालन मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा किया जायेगा, जिसका नेतृत्व अमित चौधरी और विकास गोयल के द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय पालरिवाल, सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, सह सचिव प्रदीप शर्मा, संदीप शर्मा, अमित शर्मा, राजू मित्तल, आनंद अग्रवाल, अमित चौधरी, विनोद अग्रवाल, संदीप विजयवर्गीय, दीपक पोद्दार, संदीप अग्रवाल, सुनीता मित्तल, कविता सोमानी आदि सदस्य सहयोग कर रहे हैं।

## जेल चौक से लालपुर होते हुए प्लाजा तक पाइपलाइन बिछाने के काम में तेजी

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची जेल चौक से लालपुर होते हुए प्लाजा चौक तक पाइपलाइन बिछाने का काम प्रगति पर है। जुडको ने पाइप लाइन बिछाने के बाद डस्ट डालने के पश्चात लेबलिंग और पानी का छिड़काव, पाइपलाइन बिछाने के दौरान हो रही परेशानियों को लेकर अपील जारी किया है और कहा है कि इस कार्य को कुछ दिन तक वहन किया जाये। क्योंकि वर्ष 2025 तक राजधानी को पानी की आपूर्ति की जा सके और पानी की संकट से मुक्ति मिल सके। इस पाइपलाइन के बिछने पर क्षेत्र के लोगों को निर्बाध जलापूर्ति की जा सकेगी।

### महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# संरक्षा और यात्री सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा बुधवार को मुख्यालय, हाजीपुर में रेल परिचालन में संरक्षा एवं यात्री सुरक्षा पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक ने सभी मंडलों के अधिकारियों के साथ-साथ रेल परिचालन से सीधा रूप से जुड़े 670 रेलकर्मियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद स्थापित कर रेल परिचालन में संरक्षा और यात्री सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने ट्रेनों एवं स्टेशनों पर यात्री सुरक्षा के लिए चौकस रहने का निर्देश दिया। उन्होंने संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालगाड़ियों की औसत गति में और वृद्धि के लिए सभी मंडलों को कार्ययोजना बनाने तथा माल लदान में तेजी लाने का निर्देश दिया। ठंड के मौसम में घने कोहरे के कारण रेल परिचालन में कठिनाई होती है। उन्होंने सभी मंडलों को कोहरे के दौरान रेलवे ट्रैकों के रख-रखाव, इलेक्ट्रिक ओवर हेड वायर, सिग्नलिंग सिस्टम आदि की चौबीसों घंटे निगरानी और बेहतर रख-रखाव करने को कहा ताकि संरक्षित रेल परिचालन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं हो।

बैठक में मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । सभी मंडल रेल प्रबंधक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

**महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों से की मुलाकात**

हाजीपुर। रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने मुलाकात की। इसके लिए रेलकर्मी ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं को रखा। इसी क्रम में चार रेलकर्मियों के आश्रितों ने कार्मिक विभाग में अपने-अपने केस रजिस्टर्ड करवाये थे, जिनसे महाप्रबंधक ने मुख्यालय, हाजीपुर में अपने कक्ष में मुलाकात की। महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना। संबंधित विभागों को शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाश सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## आज से बारिश की संभावना, 8 तक छाये रहेंगे बादल



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में एक-दो दिनों में मौसम में बदलाव देखा जायेगा। एक ओर न्यूनतम तापमान में वृद्धि से लोगों को राहत मिलेगी। वहीं, 5 जनवरी से मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें, तो 4 जनवरी से राज्य में बारिश की संभावना है। 5 और 6 जनवरी को राज्य के उत्तर पश्चिमी, मध्य और निकटवर्ती दक्षिणी हिस्से में बारिश की संभावना है। राज्य के उत्तर पश्चिमी हिस्से में पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा शामिल है। 5 और 6 जनवरी को मध्य हिस्से जिसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में आंशिक बादल छाये रहेंगे। कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। हालांकि इस दौरान इन इलाकों में घना कोहरा और बादल छाये रहने की संभावना है। पूरे राज्य में 8 जनवरी तक आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। कुछ हिस्सों में दिन के समय में भी बादल और कोहरे का असर देखा जा सकता है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो आनेवाले दो-तीन दिनों के अंदर तापमान में बदलाव देखा जायेगा। इस दौरान बादल छाये रहने के कारण न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। इस दौरान राज्य का अधिकतम तापमान 24 डिग्री तक और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री तक होने की संभावना है। हालांकि 8 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की जायेगी।

### झारखंड के पीडीएस डीलर्स हड़ताल पर

# गरीबों के निवाले पर संकट

**राज्य में 25,400 पीडीएस डीलर हैं, जिनके माध्यम से सरकार राशन वितरण करती है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल से राज्य में राशन का वितरण ठप पड़ गया है। बीते मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग सचिव अमिताभ कौशल के साथ पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की बैठक थी, लेकिन एसोसिएशन की मांगों पर विभाग की ओर से संतोषजनक आश्वासन नहीं मिलने के कारण हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। राज्य में 25,400 पीडीएस डीलर हैं, जिनके माध्यम से सरकार राशन वितरण करती है।

पीडीएस डीलर्स की हड़ताल के कारण गरीबों को राशन नहीं मिल रहा है। रांची जिला पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने 81 करोड़ जनता को पांच सालों तक पांच किलो अनाज बांटने की स्वीकृति दी है, लेकिन डीलरों की सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है।

कोरोना काल में लाभुकों को पांच किलो मुफ्त अनाज वितरण प्रति कार्ड 13 माह तक किया गया था, जिसका कमीशन अब तक नहीं मिला है। विभाग के सचिव ने कमीशन देने की बात कही है, लेकिन कब यह तय नहीं है। साथ ही कमीशन की दर पिछले 10 सालों से नहीं बढ़ायी गयी है।

## किसान रथ को हरी झंडी दिखायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** कृषि विभाग की ओर से बिरसा किसान रथ का प्रखंड के सभी पंचायतों में भ्रमण कराया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को प्रखंड के मुड़मा, मांडर, कंजिया, बैझिला के साथ ही पांच अन्य पंचायत में रथ का भ्रमण कराया गया। बड़ी एलईडी के द्वारा मांडर प्रखंड में किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस रथ को कृषि सूचना तकनीकी केंद्र से बीटीएम गोपाल महतो ने झंडा दिखा कर रवाना किया। श्री महतो ने बताया कि रथ के माध्यम से केसीसी ऋण माफी, अनुदान पर कृषि यंत्र, किसान पाठशाला, बिरसा किसान, मिट्टी जांच के साथ ही सहकारिता और पशुपालन विभाग के योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। किसानों ने इसे विभाग की ओर से अच्छी पहल बतलाया है।

मौके पर किसान मित्र सुरजीत सिंह, साबिर अंसारी,मनोज गोप, इस्लाम अन्सारी के अलावे सैकड़ो की सांख्य में किसान भी मवजूद थे।

# सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा करे सरकार: राजेश गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सावित्रीबाई फुले की तस्वीर और केंद्र सरकार को उनके जन्म दिवस पर अवकाश की घोषणा करनी चाहिए। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बुधवार को कहीं। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में रांची के हरमू स्थित प्रदेश कार्यालय में देश के प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर उनके चित्र पर माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज के भारी विरोध के बावजूद 1848 में देश में प्रथम बालिका विद्यालय सावित्रीबाई फुले द्वारा खोली गयी थी। उन्होंने कहा कि नारी शिक्षा की वकालत करने वाली सावित्रीबाई फुले द्वारा महिलाओं के लिए 71 विद्यालयों की स्थापना की गयी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, संतोष शर्मा, गिरिजेश कुमार, रामअवतार कश्यप, जगदीश साहू, करण कुमार वर्मा, आरबी सहाय शामिल थे।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद को सौंपा नौ सूत्री मांग पत्र

रांची। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बुधवार को राजकीय अतिथिशाला (मोरहाबादी) में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद को नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा। श्री गुप्ता द्वारा सौंपे गये मांग पत्र में कहा गया है कि पिछले चुनाव में 27% आरक्षण ओबीसी को देने के आश्वासन के बाद ओबीसी समाज ने गठबंधन की सरकार को अपना समर्थन दिया था। बदले में सरकार ने 27% आरक्षण देने की जगह रोस्टर में ही हेर-फेर कर कई बार ओबीसी समाज को उसके अधिकार से वंचित किया गया है। प्रदेश में बोर्ड एवं निगम में ओबीसी समुदाय का प्रतिनिधित्व लगभग शून्य है। श्री गुप्ता ने राज्य में जाति सर्वेक्षण करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में हुए कांग्रेस के अधिवेशन में ओबीसी को संगठन में उचित प्रतिनिधित्व देने की बात कही गयी थी लेकिन झारखंड में शून्य है। श्री गुप्ता ने कांग्रेस को सौंपें मांग पत्र में ऐसे कई मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए ओबीसी को उसकी भागीदारी दिलाने की मांग की है।

# कांग्रेस के झारखंड प्रभारी से कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यलय मे झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अभिनंदन समारोह मे पिपरवार क्षेत्र से भी कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के नेतृत्व में पिपरवार क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात कर उन्हे बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान पिपरवार क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की समस्या से उन्हे अवगत कराया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने पार्टी के मजबूती पर काम करने और कार्यकताओं की समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, चंदन गुप्ता, दिलदार अंसारी, सुरेश महतो, पिपरवार विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, पचरा मुखिया महेश साहू, संतोष साहू, इंद्रनाथ महतो, फुलेश्वर रजक, किचटो मुखिया प्रतिनिधि अंगद महतो, उर्मिला देवी, असगरी अंजुम, बेबी देवी सहित पिपरवार और केरेडारी के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजुद थे।

### कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा-

# सारा प्रकरण भाजपा का पॉलिटिकल स्टंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मुख्यमंत्री आवास में बैठक के बाद विधायकों के साथ मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में बैठक की। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही साथ 2024 का लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ने का फैसला लिया गया। प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सीएम आवास में हुई बैठक सरकार की बैठक थी। अगर संगठन की बैठक होती, तो वे जरूर शामिल होते। उन्होंने कहा कि सारा प्रकरण भाजपा का पॉलिटिकल स्टंट है। अगर भाजपा के पास इतनी ही ताकत है, तो वह महाराष्ट्र में अजीत पवार पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती है। उन्होंने कहा कि हम सरकार के हर कदम पर साथ खड़े हैं। उन्होंने पार्टी के सभी विधायकों को रांची में ही रहने का निर्देश दिया।

**केंद्र ने आदिवासियों से विश्वासघात किया, जनता को बतायें:** झारखंड प्रभारी मीर ने कहा कि सरकार ने ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी का प्रस्ताव विधानसभा से पारित किया, लंबे अरसे से लंबित सरना धर्मकोड की मांग को विधानसभा में पारित कर केंद्र की अनुमति के लिए भेजा, किंतु जन आस्था से जुड़े इतने अहम प्रस्तावों पर केंद्र सरकार अब तक कुंडली मारकर बैठी है। यह झारखंड की आदिवासियों के साथ गंभीर विश्वासघात है, इस बात को जनता तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी चाहते हैं कि झारखंड में भी जातिगत जनगणना करायी जाए, जिससे वंचित लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# अडानी फाउंडेशन के स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडानी फाउंडेशन की ओर से लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे हैं। अडानी फाउंडेशन के बैनर तले पिछले मंगल और बुधवार को सुकुलखपिया और महुगाई कला में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं समेत दो सौ से अधिक ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। हजारीबाग के डॉ विजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के अधिकतर ग्रामीणों में एनीमिया, उच्च रक्तचाप, गठिया, पॉलीआर्थराइटिस, एक्जिमा, बुखार, सामान्य दर्द, सरदर्द, सर्दी और अन्य पोषण संबंधी कमियां लगातार मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि कई ग्रामीणों में ग्लूकोज का स्तर भी सामान्य से अधिक पाया गया है। सभी ग्रामीणों को डॉक्टर ने आवश्यक परामर्श और उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाइयां दीं। इस दौरान एसपीओ त्रिलोक कुमार झा, एएनएम संगीता देवी और ननकू प्रसाद दांगी मौजूद थे। अडानी फाउंडेशन की ओर से चलायी जा रही मेडिकल मोबाइल हेल्थ यूनिट बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रही है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं।

**39 ग्रामीणों को प्रदान किया गया चश्मा:** अडानी फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर भी लगाये जा रहे हैं। इस क्रम में चंदौल गांव में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुमार सौरभ और ऑप्थेल्मोलॉजिट्स विनय कुमार ने लगभग 65 ग्रामीणों की जांच की। इस दौरान 39 ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। इन सभी में नेत्र दोष पाया गया था।

**बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरतः** अडानी फाउंडेशन समाज की बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी सिलसिले में टीबी के 130 मरीजों को फाउंडेशन द्वारा अब तक गोद लिया जा चुका है। स्वास्थ्य के अलावा शिक्षा, खेल और स्वरोजगार की दिशा में भी अडानी फाउंडेशन ने कई सफल पहल किये हैं। विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे फुटबॉल का आयोजन और महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप 'गंगा' का भी सफलतापूर्वक क्रियान्वन हो रहा है।

# राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए पिपरवार, मगध के लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** श्रमिक संगठन जनता मजदूर संघ के पिपरवार और मगध संघमित्रा क्षेत्र से कई कार्यकर्ता ऑल इंडिया एचएमएस के द्वारा नागपुर में आयोजित 34वां राष्ट्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम में शामिल हुए। जनता मजदूर संघ के सीसीएल सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में पिपरवार और मगध क्षेत्र के कार्यकर्ता इस महाधिवेशन में शामिल हुए। इस दौरान रविंद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने ऑल इंडिया एचएमएस के जेनरल सेक्रेटरी हरभजन सिंह सिध्दु से मुलाकात किया और नववर्ष की बधाई देते हुए उन्हे कई समस्याओ से अवगत कराया। इस संबंध में यूनियन के सचिव रविंद्रनाथ सिंह ने बताया कि पिपरवार और मगध संघमित्रा में व्याप्त समस्याओं के बारे में उन्हें जानकारी दी गई,साथ ही यूनियन की मजबूती सहित कार्यकर्ताओं के समस्याओ के समाधान पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने इस पर साकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया, साथ ही कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। अधिवेशन में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से रविंद्रनाथ सिंह, विकास, आशीष दुबे, निर्मल सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

### पुलिस के मनोबल को बढ़ाने के लिए आधारभूत संरचना की शीघ्र कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश

# अपराधियों में पुलिस का भय जरूरी : उप मुख्यमंत्री

**प्रदेश में तेजी से बढ़ते साइबर क्राइम हेतु पुलिस आधुनिकीकरण के लिए अन्य राज्यों के सफल मॉडल का अध्ययन कर कार्य योजना बनाने कहा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय, अटल नगर, नवा रायपुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग के प्रशासन शाखा, योजना, प्रबंध शाखा और अपराध शाखा सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बनाये गये कानून व्यवस्था का उचित तरीके से पालन करते हुए आमजनों को समय पर न्याय दिलाना सुनिश्चित करें।

बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न शाखाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी से गृह मंत्री को अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समीक्षा के दौरान नशीले पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु विशेष सेल बनाये जाने और पुलिस, ड्रग कंट्रोलर और नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मध्य उच्च स्तरीय समन्वय स्थापित कर नशीले पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आधारभूत पुलिसिंग को मजबूत करने कहा। उन्होंने जनोन्मुखी पुलिस व्यवस्था स्थापित करने जिससे अपराधियों और अनैतिक कार्य करने वाले में पुलिस का भय हो तथा आम जनता में सुरक्षा की भावना और पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

गृह मंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की और प्रो-एक्टिव पुलिसिंग करने तथा छोटी सी छोटी घटनाओं और अपराधों में कम से कम समय में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में भर्ती की प्रक्रिया की पूरी समय सारिणी तय कर समय-सीमा में नियुक्ति करने कहा। श्री शर्मा ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जल्द से जल्द विभाग के कर्मचारियों के आवास एवं अधोसंरचना के संबंध में कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये गये। उन्होंने सायबर अपराधों के अनुसंधान हेतु उच्च गुणवत्ता के सुसज्जित सायबर लैब को तैयार करने निर्देशित किया।

गृह मंत्री श्री शर्मा ने गुजरात और अन्य राज्यों में सायबर इन्वेस्टिगेशन, क्राईम डिजिटलाईजेशन एवं अधोसंरचना विकास में किये जा रहे कार्य का अध्ययन कर इस दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी प्रभावी कार्य योजना तैयार किये जाने निर्देशित किया। कर्मचारियों के कल्याण विशेषकर नक्सली हिंसा में घायल कर्मचारियों के कल्याण के संबंध में भी त्वरित एवं संवेदनशील कार्य किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिमांशु गुप्ता, एसआरपी कल्लूरी, प्रदीप गुप्ता, विवेकानंद, अमित कुमार, पुलिस महानिरीक्षक सुशीलचंद द्विवेदी, डॉ संजीव शुक्ला सहित पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग, मंत्रालय के अरुणदेव गौतम, सचिव, गृह और संचालक, लोक अभियोजन, डॉ. बसवराजू, सचिव, गृह विभाग मंत्रालय महानदी भवन आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर-घर पहुंचने लगा अयोध्या से आया अक्षत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के विहिप व बजरंग दल के नेतृत्व में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की सूचना देने के लिए घर-घर अक्षत निमंत्रण पहुंचने लगा है। निमंत्रण में 'पूजित अक्षत', प्रभु राम का चित्र और पत्रक दिया जा रहा है। पत्रक को खास तौर पर छपवाया गया है, जिसमें इस बात की अपील की गई है कि लोग प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या ना पहुंचे। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के दिन क्या करें इसकी जानकारी भी दी गयी है। बांटे जाने वाले इस पत्रक में कहा गया है कि लोग 22 जनवरी को अपने घर के पास के मंदिर में पूजा का आयोजन करें। दीपावली जैसा उत्सव मनाए। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अयोध्या से देशवासियों से 22 जनवरी को दीपक जलाकर दीपावली मनाने की अपील की थी। दो दिन पूर्व अक्षत को पंचायत स्तर पर पहुंचायी गयी थी। विहीप कार्यकारी अध्यक्ष राम प्रसाद साहू, सन्दीप साहू, सूरज साहू के नेतृत्व में फतेहपुर, हुलसु में अनिल साहू, महुगाव पंचायत में किश्वर साहू के आलाव अन्य गांव में भी अक्षत वितरण का शुभारंभ किया गया।

# कड़े कानून बनें, पर सोच-समझ कर

हाइवे जाम करके आपूर्ति रोकना अचानक फ्लैश मॉब की तरह नहीं हुआ। अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआइएमटीसी) ने दिसंबर के अंत में भारत की नयी दंड संहिता बीएनएस में हिट-एंड-रन हादसों के लिए अधिकतम 10 साल की जेल और सात लाख के जुर्माने की समीक्षा का अनुरोध किया था। दूसरी तरफ उसने ट्रक चालकों से भी धैर्य रखने की अपील की थी। लेकिन ट्रक ड्राइवरों ने इस अपील को बिल्कुल भाव नहीं दिया और हड़ताल शुरू कर दी। मंगलवार को सरकार के साथ बातचीत के बाद हड़ताल वापस ले ली गयी। केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि नये कानून लागू होने से पहले हितधारकों के साथ परामर्श किया जायेगा। प्रमुख निकाय और ट्रक चालकों को डर था कि हिट-एंड-रन मामलों में विशेष रूप से हाइवे पर पुलिस शायद ही कभी जांच करती है और बस-ट्रक चालकों को ही दोषी मानती है। ऐसे मामलों की जांच कैसे की जाये, इस पर कोई मानक प्रक्रिया (एसओपी) नहीं है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक अगर मौके पर रुके, तो आग-बबूला हुए स्थानीय लोग उसके साथ क्या करेंगे, इसका कुछ अंदाजा नहीं रहता है। इस खौफ से ट्रक ड्राइवर हादसे को रिपोर्ट करवाने के लिए मौके पर रुकने की बजाय किसी तरह जान बचाकर भाग निकलने को प्राथमिकता देते हैं। इस पर सरकार ने कहा कि कानून में कहीं नहीं लिखा है कि दुर्घटना की सूचना साइट से ही देनी चाहिए। एसोसिएशन का मानना है कि एक तो ट्रांसपोर्ट सेक्टर में ड्राइवरों की 27 फीसदी की कमी है, ऊपर से 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान लोगों के इस सेक्टर से जुड़ने से रोकेगा। बहरहाल ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से देश के सप्लाई चेन की जीवन रेखा बाधित हो गयी। उम्मीद है कि पेट्रोल-डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति फिर से शुरू हो जायेगी। ट्रक चालकों की दलीलों में दम तो है, लेकिन कानून को दोष देना उनकी परेशानियों का समाधान नहीं है। एक सख्त कानून की जरूरत है। सड़क दुर्घटनाओं में भारत दुनिया में सबसे आगे है। वर्ष 2022 में हिट एंड रन मामलों में लगभग 59 हजार लोग मारे गये, जो सड़क हादसों में कुल मौतों का लगभग 30 फीसदी है। इसमें कोई शक नहीं कि लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों की देश में कोई कमी नहीं है, जिनको नियम-कानूनों की कोई परवाह नहीं होती है। ट्रक चालकों को झूठे मुकदमे का डर है। पूरे देश में पुलिसिंग क्वालिटी वास्तव में खराब हो गयी है। इसके अलावा कई गंभीर कारक दुर्घटना का कारण बनते हैं। इसलिए केवल कठोर दंड से ही सड़कों को सुरक्षित बनाने का मकसद सही नहीं है। सड़कों और राजमार्गों को ठीक कर दिया जाये, तो कानून को नरम करने की ट्रक चालकों की मांग का बहुत कम महत्व रह जाता है।

**देश में सड़क दुर्घटना में जान-माल के भारी नुकसान की खबरें आती रहती हैं। अक्सर लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं और चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो जाता है। सरकार ने भारतीय न्याय संहिता में ऐसे हिट एंड रन केस के लिए कठोर सजा का प्रावधान किया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**यूरोपीय संघ और सदस्य देशों ने प्रवासन और प्रश्रय पर नये समझौते के जरिये अपनी प्रवासन नीति में सुधार करने का फैसला किया है। इसके तहत अनियमित रूप से आ रहे लोगों की त्वरित जांच, सीमा पर डिटेंशन सेंटर बनाना और आवेदन अस्वीकृत होने पर शरणार्थियों को देश से बाहर करना आदि सुधार के रूप में शामिल है।**

# कट्टरपंथ और यूरोप की लगातार बढ़ती परेशानी

**योगेंद्र योगी**




**यूरोपीय** यूनियन के सदस्य देश लोकतांत्रिक, मानवाधिकारों की वकालत और उदारवादी चेहरा दिखाने के कारण मुस्लिम शरणार्थियों के कारण मुसीबत में फंस गये हैं। शरण लेने वाले मुस्लिम शरणार्थियों पर कट्टरपन हावी है। इन देशों के कानून मानने की बजाय शरणार्थी अपराधों में शामिल होने के साथ ही इस्लामी शासन की पैरवी कर रहे हैं। यही वजह है कि न सिर्फ यूरोपीय यूनियन, बल्कि उसके कुछ देशों ने साफ तौर पर मुसलमानों से देश छोड़ कर चले जाने को कहा है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने इस्लामिक संस्कृति को लेकर कहा कि यूरोप में इसके लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लामी संस्कृति और हमारी सभ्यता के मूल्यों और अधिकारों के बीच कोई समानता नहीं है और यह एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि इटली में इस्लामी सांस्कृतिक केंद्रों को सऊदी अरब फंड देता है, जहां शरिया लागू है। यूरोप में हमारी सभ्यता के मूल्यों से बहुत दूर इस्लामीकरण की एक प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि वह शरणार्थी सिस्टम में ग्लोबल रिफॉर्म, यानी वैश्विक सुधआर पर जोर देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि शरणार्थियों की बढ़ती संख्या का खतरा यूरोप के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है।

**शरणार्थियों की बढ़ती संख्या का खतरा यूरोप के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है।**

मेलोनी की तरह ही नीदरलैंड का प्रधानमंत्री बनते ही इस्लाम विरोधी नेता गीर्ट विल्डर्स ने उन मुसलमानों से देश छोड़ने का आह्वान किया, जो धर्मनिरपेक्ष कानूनों से अधिक कुरान को महत्व देते हैं। विल्डर्स ने तो यहां तक कह दिया कि उन हिंदुओं का समर्थन करूंगा, जिन पर केवल हिंदू होने के कारण बांग्लादेश और पाकिस्तान में हमला किया जाता है या मारने की धमकी दी जाती है या फिर मुकदमा चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरे पास नीदरलैंड के सभी मुसलमानों के लिए एक संदेश है, जो हमारी स्वतंत्रता, हमारे लोकतंत्र और हमारे मूल मूल्यों का सम्मान नहीं करते हैं, जो कुरान के नियमों को हमारे धर्मनिरपेक्ष कानूनों से अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। विल्डर्स ने कहा कि मुसलमानों की संख्या सात लाख हैं और मेरा उन्हें संदेश है, बाहर निकलो। किसी इस्लामिक देश के लिए निकल जाओ। फिर आप इस्लामी नियमों का आनंद ले सकते हैं। ये उनके नियम हैं, लेकिन हमारे नहीं हैं। शरणार्थियों की समस्या से गले तक भर चुके यूरोपीय देशों ने अब इस समस्या के समाधान के लिए नया समझौता किया है।

यूरोपीय संघ और सदस्य देशों ने प्रवासन और प्रश्रय पर नये समझौते के जरिये अपनी प्रवासन नीति में सुधार करने का फैसला किया है। इसके तहत अनियमित रूप से आ रहे लोगों की त्वरित जांच, सीमा पर डिटेंशन सेंटर बनाना और आवेदन अस्वीकृत होने पर शरणार्थियों को देश से बाहर करना आदि सुधार के रूप में शामिल है। हालांकि अभी भी 27 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूरोपीय परिषद और यूरोपीय संसद द्वारा औपचारिक रूप से समझौते को मंजूरी देने की आवश्यकता है, जिसके बाद ही यह संभवतः वर्ष 2024 में ब्लॉक की कानूनी प्रक्रियाओं में शामिल हो पायेगा। गौरतलब है कि साल 2011 में सीरिया में शुरू हुए गृहयुद्ध के बाद लाखों सीरियाई और पड़ोसी मुल्कों से लोग भागकर यूरोप की शरण में आये थे। तभी यूरोपियन यूनियन ने वादा किया कि वह अपने देशों में लगभग दो लाख शरणार्थियों को रखेगा। ग्रीस, इटली और फ्रांस में उस समय सबसे ज्यादा लोग भरे हुए थे। बाकी देश भी लोगों को स्वीकार करने लगे। इसके विपरीत पोलैंड की सरकार ने कहा था कि शरणार्थियों को रखना, यानी अपनी ही तबाही के लिए बम फिट कर लेना है।

पोलैंड का यह दृष्टिकोण फ्रांस और दूसरे देशों में सही साबित हुआ। एक मुस्लिम युवक की मौत के बाद फ्रांस में जबरदस्त दंगे भड़क उठे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पेरिस में चेकिंग के दौरान नाहेल को पुलिस ने गोली मार दी थी। इस घटना में नाहेल की मौत हो गयी थी। पुलिसकर्मियों का इस मामले पर कहना था कि लड़के के पास गाड़ी चलाने का लाइसेंस नहीं था। चेकिंग के दौरान लड़के ने वाहन से ट्रैफिक पुलिस को कुचलने का प्रयास किया, जिसके बचाव में लड़के को गोली मारी गयी। इससे भड़की हिंसा की आग में फ्रांस कई दिनों तक जलता रहा।

यूरोपियन इस्लामोफोबिया रिपोर्ट 2022 के मुताबिक पूरे यूरोप में इस्लाम के खिलाफ भावना तेजी से बढ़ रही है। यूरोपीय सरकारें इस्लाम और मुस्लिमों के खिलाफ क्रैकडाउन चला रही हैं। मस्जिदें बंद की जा रही हैं। इस्लामिक संगठनों पर नकेल कसी जा रही है। फ्रांस और ऑस्ट्रिया की सरकारों ने कट्टरवाद के खिलाफ अभियान के बहाने मस्जिदें बंद करवा दीं। स्विट्जरलैंड में नयी मीनारों के निर्माण पर रोक लगा दी गयी। डेनमार्क में अप्रवासी मुस्लिमों को हर हफ्ते 35 घंटे सिर्फ देश की संस्कृति और परंपराएं सिखायी जाती हैं। ऑस्ट्रिया और फ्रांस में इस्लामिक अलगाववाद और पॉलिटिकल इस्लाम को परिभाषित किये बिना ही इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बता दिया गया है। धार्मिक कट्टरपन और दूसरे देशों के कानून को नहीं मानने के कारण आने वाले वक्त में मुसलमानों को ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**यूरोपियन इस्लामोफोबिया रिपोर्ट 2022 के मुताबिक पूरे यूरोप में इस्लाम के खिलाफ भावना तेजी से बढ़ रही है। यूरोपीय सरकारें इस्लाम और मुस्लिमों के खिलाफ क्रैकडाउन चला रही हैं। मस्जिदें बंद की जा रही हैं। इस्लामिक संगठनों पर नकेल कसी जा रही है। फ्रांस और ऑस्ट्रिया की सरकारों ने कट्टरवाद के खिलाफ अभियान के बहाने मस्जिदें बंद करवा दीं। स्विट्जरलैंड में नयी मीनारों के निर्माण पर रोक लगा दी गयी। डेनमार्क में अप्रवासी मुस्लिमों को हर हफ्ते 35 घंटे सिर्फ देश की संस्कृति और परंपराएं सिखायी जाती हैं।**

## जमशेदपुर की खबरें

### टाटा मोटर्स में प्रबंधन और यूनियन के बीच वार्ता विफल

# स्थानांतरण और वार्ड एंप्लाई सिस्टम बंद करने के मामले में यूनियन गंभीर : आरके सिंह

**महामंत्री ने जतायी नाराजगी, श्रमायुक्त से करेंगे शिकायत।**




**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह के नेतृत में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यूनियन के सभी पदाधिकारी शामिल रहे। मौके पर अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा अस्थायी कर्मचारियों के वर्तमान स्थिति पर प्रबंधन से वार्ता हुई है। बातचीत के दौरान प्रबंधन की ओर से प्लांट हेड रविन्द्र कुलकर्णी, एचआर हेड मोहन घंट के साथ महामंत्री और अध्यक्ष शामिल रहे। वार्ता में जो बात सामने आयी वह सरकार को भेजा गया है। उसमें साल में 600 साथियों का स्थाईकरण के साथ स्थानांतरण की बात रखी है। साथ ही वार्ड एम्पलाई सिस्टम को बंद करने की बात श्रमायुक्त के समक्ष रखा गया। जानकारी मिलने के बाद इस संबंध में सभी पदाधिकारियों ने बारी-बारी से अपना विचार रखा। मौके पर महामंत्री आर के सिंह ने कहा प्रबंधन की ओर से जो मसौदा दिया गया, उसे यूनियन एक सिरे से खारिज करती है। उन्होंने स्थानांतरण व वार्ड एंपलाई बंद करने के मामले में आपत्ति जतायी। श्री सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में इसी स्टैंड के साथ यूनियन श्रमायुक्त से मुलाकात कर अपनी बात रखने का काम करेगी। बैठक का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा व धन्यवाद ज्ञापन एचएस सैनी ने किया।

# आठ दिवसीय विशाल शहीद मेला का आयोजन




**सैकड़ो ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधान सभा के गधड़ा में आठ दिवसीय विशाल शहीद मेला का आयोजन किया गया। बुधवार को तीसरे दिन मेला कमेटी के अध्यक्ष विश्वजीत भगत के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बूडीगाड़ी, दशायें, मागे, पिकल, लांगड़े नाच का प्रतियोगिता में सैकड़ो ग्रामीण बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों में प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार, तृतीय पुरस्कार 3 हजार, चौथा 2 हजार, पांचवा 15 सो, छठवा, सातवां, आठवां एक-एक हजार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह झामुमो मजदूर नेता राजेश सामंत, उत्तर पश्चिम गधड़ा के मुखिया सुनीता नाग, ग्राम प्रधान सुखलाल हेंब्रम, बेंडे बारजो, भूपति सरदार, जगता सोरेन के आलावे कमेटी के तेतुल बगान बॉयज क्लब गदरा के अध्यक्ष विश्वजीत भगत ,सचिव बिरजू पत्रों, कोषाध्यक्ष गणेश भूमीज, दक्षिणी गधडा पंचायत के मुखिया संजू भूमिज, तुडकू दिग्गी, जेना जमुदा, लखन समद, चमरू हेंब्रम, रत्न लाल टुडू, विवेक गुप्ता, करण सचिन मौजूद रहे।

### रंगरेटा महासभा ने शैलेंद्र सिंह को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिख प्रतिनिधि के रूप में समाज में अपनी सेवा देने वाले समाजसेवी सरदार शैलेंद्र सिंह को रंगरेटा महासभा ने बुधवार को सम्मानित किया। गत दिनों पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 26 दिसंबर को दिल्ली में सैल्यूट तिरंगा द्वारा देश की 30 विभूतियों को अटल तिरंगा सम्मान अवार्ड दिया गया। इस सम्मान समारोह में सरदार शैलेन्द्र सिंह को केन्द्रीय उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने अटल तिरंगा सम्मान से सम्मानित किया था। इसके बाद से ही सरदार शैलेंद्र सिंह के आवास पर बधाईयों का सिलसिला जारी है। रंगरेटा महासभा की प्रदेश कमेटी द्वारा सरदार शैलेंद्र सिंह को स्टेशन रोड गुरुद्वारा कार्यालय में पहुंच कर उन्हें अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह भाटिया को भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सरदार शैलेन्द्र सिंह ने समाज हित में कई कार्य किये है। इससे पूरे समाज में खुशी है। इस मौके पर रंगरेटा महासभा के जसवंत सिंह गिल, कुलवंत सिंह संधू, सुखदेव सिंह मिद्धू, जगतार सिंह चीमा, जसवंत सिंह संधू, राजेंद्र सिंह राजू और कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# अक्षत और पत्रक वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे भाजमो कार्यकर्ता



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का आगाज हो गया है। देशभर के पांच लाख से अधिक गांवों और चार हजार से अधिक शहरी इलाकों में अक्षत वितरण के लिए विभिन्न संगठनों के करीब चार लाख से अधिक कार्यकर्ता राम का निमंत्रण देने घर-घर जायेंगे। इसी पुनीत कार्य में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ता भी सक्रिय भूमिका निभायेंगे। इसे लेकर पार्टी के जिला पदाधिकारियों की एक बैठक बुधवार को टुइलाडुंगरी में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि श्री रामजन्मभूमि ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त अक्षत और पत्रक वितरण के कार्यक्रमों के लिए बनी टोलियों में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। बैठक में जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, जिला मंत्री विकास गुप्ता, राजेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सिंह,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश कोया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश प्रसाद, महिला मोर्चा महामंत्री किरण सिंह और काकुली मुखर्जी उपस्थित थे।

# फिरौती के लिए कर रहे थे डॉक्टर का अपहरण, हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना अंतर्गत गोलमुरी चौक के पास मंगलवार देर शाम अपराधियों ने ईएनटी सर्जन डॉ. बिमरजीत प्रधान के अपहरण का प्रयास किया। हालांकि, डॉ प्रधान द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोग जुटे और दोनों अपराधियों को धर दबोचा। इधर, सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले गयी, जहां उनसे पूछताछ जारी है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अशोक सिंह और रवि शंकर सिंह रिश्ते में ममेरे भाई लगते है और बेगूसराय में रहते है। दोनों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो जिंदा गोली बरामद किया है।

पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि डॉ बिमरजीत प्रधान ने उसकी पत्नी का इलाज ठीक से नहीं किया था, इस वजह से वह डॉक्टर को समझाने आये थे। हालांकि पुलिस को इनकी बात पर यकीन नहीं है इसलिए उनसे आगे भी पूछताछ की जा रही है।

### हर-हर महादेव सेवा संघ की पहल

# अमरप्रीत सिंह काले ने बुजुर्गों को कंबल का वितरण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में ठंड काफी बढ़ गया है। शाम होते हल्की ठंडी हवा के साथ ओस गिरने से बुर्जुग जरूरतमंदों की परेशानी बढ़ने लगी है। शहर के अग्रणी संस्था हर हर महादेव सेवा संघ बीते 23 वर्षों से जरूरतमंद लोगों के बीच निरंतर कंबल वितरण कर एक अलग पहचान बना चुकी है। बुधवार को भी हर हर महादेव परिवार ग्वाला बस्ती, नंद नगर, ब्राह्मण टोला, कानुभट्टा, भुइंयाडीह, रविदास कालोनी, बिरसानगर जोन नं 8 में सैकड़ो जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने बताया जरूरतमंद व असहायों तक मदद और सहयोग पहुचना सबसे बड़ा धर्म है। मानवता के नाते संघ जरूरतमंदों के बीच अपने कर्तव्य का पालन करने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य को सफल बनाने में सभी का संयुक्त प्रयास रहता है। मौके पर कृष्णकांत तिवारी, अनूप तिवारी, पिंटू पात्रों, चंदन भुइंया, पंचम भुइंया, महेंद्र प्रसाद, सुलोचना देवी, सुबोध रविदास, मनोरंजन रविदास, मुकेश रविदास, गौतम रविदास, भोला रविदास, अनूप रविदास सहित सेवा संघ से स्वाति मित्रा,पप्पू राव, जूगुन पांडे, प्रिंस सिंह, सरबजीत सिंह टोबी, सौरव चटर्जी, अमित पाठक, अनिल,पिंटू भिरभरिया, रामा राव, सूरज चौबे और अन्य शामिल रहे।

## टकरा गांव में समारोह पूर्वक मनायी गयी मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती

# खेत हरा रहेगा, तभी हमारा पेट भरा रहेगा : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड आंदोलन के पुरोधा और महान हॉकी खिलाड़ी मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती बुधवार को उनके पैतृक गांव टकरा में समारोह पूर्वक मनायी गयी। मौके पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने उनकी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व को नमन किया गया। मांरग गोमके की जयंती पर आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री, अर्जुन मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व अर्जुन मुंडा ने मुख्य पथ पर टकरा ग्राम के मोड़ पर



अधिष्ठापित मारंग गोमके की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के योगदान और उनके प्रेरणादायक विचारों को साझा करते हुए कहा कि स्व जयपाल सिंह मुंडा भारतीयो, आदिवासियों और झारखंड आंदोलन के एक सर्वोच्च नेता और जाने-माने राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक, संपादक, शिक्षाविद और 1925 में ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पानेवाले एक मात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एक महान विभूति थे। टकरा गांव में जन्मे स्व जयपाल सिंह मुंडा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमिट छाप छोड़ी और संपूर्ण आदिवासियों का नेतृत्व किया। जनजातीय समुदाय के जल, जंगल व जमीन तथा उनकी परंपरा व संस्कृति को बनाये रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्षीतिज पर आवाज बुलंद की। उन्होंने ही झारखंडी की संस्कृति, अस्मित और पहचान को राजनीतिक धरातल पर उतारने का काम किया। उन्होंने कहा कि ये हमारे खूंटी जिले को गर्वान्वित करता है कि उन्होंने राष्ट्र पटल पर स्वर्णिम अक्षरों में अपनी प्रतिभां को अंकित किया है। उन्होंने कहा कि उनके उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए क्षेत्र के लोगों को अपने हक व अधिकार के प्रति जागरूक होकर गांव और समाज के विकास के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में योजनाओं से वंचित ना रहें। अब आवश्यकता है कि हर व्यक्ति जागरूक बनें। उन्होंने कहा कि टकरा ग्राम के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को पूर्ण करते हुए ग्रामीणों को सीधे रूप से लाभ मिलेंगे। उन्होंने ग्रामीण युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारने की बात कही। साथ ही ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित होने की दिशा में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी उज्ज्वल भविष्य का संकल्प लें। इसी प्रकार हम मारंग गोमके जी के विकासशील विचारों को सफल बनायेंगे। मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश के विकास के लिए गांवों का विकास करना होगा और गांवों को विकसित करने के लिए कृषि को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि खेत हरा रहेगा, तभी हमारा पेट भरा रहेगा। मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, परियोजना निर्देशक आइटीडीए सहित अन्य पदाधिकारी के अलावा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सहित काफी संख्या में जन प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

## कानून वापस नहीं होने पर होगा आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में स्थानीय वाहन चालकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता और संचालन आजसु पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ विधायक ने किया। इस बैठक में सीसीएल के पिपरवार, मगध संघमित्रा और आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया के वाहन चालक मौजूद थे। बैठक में केंद्र सरकार के द्वारा लाये गये हिट एंड रन कानून के खिलाफ पुरजोर विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। साथ ही इस कानून को वापस लेने की मांग की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कानून चालकों के लिए



काला कानून साबित होगा। वर्तमान समय में वाहन चालक कम वेतन में काम कर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। इस पर किसी का ध्यान नहीं है,लेकिन केंद्र सरकार इस कानून को लागू कर वाहन चालकों पर अतिरिक्त बोझ डालना चाह रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। देश भर में वाहन चालकों की एकजुटता के कारण फिलहाल केंद्र सरकार ने इस कानून को अभी रोक दिया है, लेकिन इसे वापस लेना होगा। बैठक में सभी वाहन चालकों को एकजुट होने का आह्वान किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से बिनोद सिंह, बल्लु सिंह, इकबाल सिंह, सत्येंद्र यादव, हरि कुमार, रणजीत सिंह, सुभान मियां, सरफरोश आलम, जितेंद्र मुंडा, सत्येंद्र मुंडा, मंटू साहु, गुड्डू सिंह, महेश महतो, रोशन कुमार, गुड्डु साहु सहित कई पिपरवार, मगध संघमित्रा और आम्रपाली चन्द्रगुप्त एरिया के वाहन चालक मौजुद थे।

## विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने दी मारंग गोमके को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आदिवासियों के महानायक कहे जानेवाले मरांग गोमके की उपाधि से अलंकृत जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने भाजपा कार्यकताओं के साथ उनके पैतृक गांव टकरा जाकर उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। मौके उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा कें नाम पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भी उद्घाटन किया और खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। मौके पर जयपाल सिंह मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठसिंह मुंडा ने



कहा कि उनका जन्म और उनकी कर्म स्थली टकराहातू है। उनका जन्म तीन जनवरी 1903 को खूंटी जिले के टकराहातू गांव में हुआ था। वे एकमात्र हॉकी खिलाड़ी थे, जिन्हें ऑक्सफॉर्ड ब्लू की उपाधि मिली थी। विधायक ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि उनके बताये मार्ग पर चलकर गांव का विकास करें और विकसित भारत बनाने में योगदान दें। मौके पर जिला के महामंत्री बिनोद नाग, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, राजेश नाग, एससी मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, हरिनाथ मुंडा, देवानंद मुंडा, अजीत सिंह, पूर्व मुखिया बयार चंद, महेंद्र मुंडा, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

## फुलचंद टूटी बने आदिवासी कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** फुलचंद टूटी खूंटी जिला आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनाये गये हैं। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जोसाई मरांडी ने बुधवार को उन्हें प्रमाणपत्र सौंपा। उन्होंने कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों पर चल कर संगठन को मजबूती प्रदान करने की बात कही। मौके पर आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सेबियसटन मरांडी, अनूप लकडा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, विलसन तोपनो आदि ने फुलचंद टूटी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए विहिप ने किया अक्षत और पत्रिका वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** श्रीराम लल्ला के अवधपुरी में 22 जनवरी को हानेवाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तोरपा प्रखंड के अम्मा पकना और मरचा में अयोध्या मं पूजित अक्षत का वितरण कियाऔर लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भागीदार बनने का निमंत्रण दियश। मौके पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष्ख ने कहा कि सभी सनातनी निमंत्रण स्वीकार करें, अब सबको अयोध्या चलना है। उन्होंने कहा कि एक से 15 जनवरी तक सभी राम भक्तों के घर तक अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचाना है। इस अभियान को लेकर पूजित अक्षत एवं पत्रिका का वितरण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर जिला मंत्री उमेश मांझी, अजीत जयसवाल, मनोज साहू, घनश्याम दास, तुलसी हजाम, प्रवीण भगत, मनोज सिंह, नागेंद्र सिंह, राजकुमार साहू, पूनम देवी, सीमा देवी, वीणा देवी, शोभा देवी, विष्णु मिश्रा, शंभु केशरी, निकिता केशरी, मालती देवी, सरस्वती देवी, पद्मा देवी, देवंती देवी, तनुप्रिया केशरी, अनीता देवी, गीता देवी सहित कई राम भक्त उपस्थित थे।

## देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सेविका सावित्रीबाइ फुले की जयंती महिला मुक्ति दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर पुष्प अर्पित तथा माल्यार्पण कर किया गया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और कहा कि सावित्रीबाइ फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। उन्होंने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया, जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह कराना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। उनके संघर्ष ने महिलाओं को आत्मविश्वास, स्वावलंबन और समानता की भावना से परिपूर्ण किया। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया और उन्हें स्वतंत्र निर्णय लेने की प्रेरणा दी। मौके पर शिक्षिका रिया, समिता के साथ सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलन के पुरोधा थे जयपाल सिंह मुंडा: जुबैर अहमद



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में टकरा जाकर उनके समाधि स्थल पर पुष्पिांजलि अर्पित की। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज हम झारखंड राज्य में रहते है, उसका सबसे बड़ा श्रेय मारंग गोमके ही हैं। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह झारखंड आंदोलन के पुरोधा थे। वे जितने महान खिलाड़ी थे,उतना ही महान राजनीतिज्ञ भी थे। वे संविधान सभा कें सदस्य भी थे।

मौके पर केंद्रीय सदस्य सुशील पाहन, उपाध्यक्ष मगन मंजीत तिड़ू, सचिव गुलशन सिंह मुण्डा, क्रीड़ा मोर्चा जिला सचिव प्रकाश नाग, खूंटी प्रखण्ड सह सचिव आलोक रितेश डुंगडुंग सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में न छूटे : उपायुक्त

**लंबित कार्यों का 12 जनवरी तक निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विभागीय निर्देश के आलोक में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कर्रा प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों के प्रपत्र-6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र-8 की सुपर चेकिंग की गयी। बैठक में 59-तोरपा के इआआरओ सह अपर



समाहर्ता अरविंद कुमार, 60-खूंटी के इआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गॉडगिवन कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित संबंधित बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक शामिल थे। उपायुक्त ने सभी बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक को पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कोई भी पात्र मतदाता अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न रह जाय। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की अवधि से पूर्व प्राप्त प्रपत्र 6, 7 एवं 8 तथा फोटो सिमिलर इंट्री और डेमोग्राफिकल सिमिलर इंट्री के लंबित कार्यों का 12 जनवरी तक निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ई-विद्यावाहिनी में पंजीकृत विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के दौरान विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि किसी भी विद्यार्थी का नाम छूट न जाय।

उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि मतदाताओं से संबंधित सभी प्रपत्रों को भरने में विशेष सावधानी बरतें।

## महत्वपूर्ण खबरें

### जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनायी गयी



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** जयपाल सिंह मुंडा की 121वीं जयंती बुधवार को मनायी गयी। जयपाल सिंह मुंडा चौक सोरलोंगा (पुंडीदिरी) तमाड़ में श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फाउंडेशन के बैनर तले उन्हें याद किया गया। श्रद्धासुमन अर्पित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह तमाड़ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर और उनकी धर्मपत्नी आरती देवी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में अनिता देवी, बसंती देवी, शारदा देवी, जीरामानी मुंडा, पूजा मुंडा, शंभुनाथ मुंडा, जयपाल पातर, सुशील मुंडा, संतोष मुंडा, मुकेश पातर, जीतेश मुंडा, कन्हाई पातर, शिशुपाल पातर, करम सिंह मुंडा, हिकिम सिंह मुंडा, रंजीत मुंडा, अविनाश पातर, लक्ष्मन मुंडा, हरि मुंडा, दिनेश मुंडा, नरेश मुंडा, मिहिर चंद्र मुंडा, निर्मल पुरान, उमेश मुंडा, छोटेलाल कसारा, बीरेंद्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

### अनुमंडल पदाधिकारी ने वन अधिकार समिति के साथ किया मंथन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय बुंडू सभागार में बुधवार को बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो ने अनुमंडल क्षेत्र के वन अधिकार समिति के साथ बैठक की। बैठक में बुंडू, तमाड़, राहे, सोनाहातू के वन क्षेत्र में वन अधिकार पट्टा जनजाति और वन क्षेत्र में रहने वाले मूल निवासी को वन अधिकार पट्टा से मिली जमीन के रैयत की जमीन संबंधी जानकारी हासिल की। गरीबों को वन अधिकार पट्टा के तहत आवासीय और कृषि भूमि देने पर चर्चा की। इसके साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को वन की सुरक्षा और जंगली हाथियों के बारे रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बैठक में सीओ बुंडू पवन कुमार, सीओ तमाड़ अतुल रंजन भगत समेत वन समिति के सदस्य संतोष ओड़िआ, जगन्नाथ मुंडा, वन विभाग के अधिकारी– कर्मचारी मौजूद थे।

### कंबल बांटा, मतदाता सूची का किया पुनरीक्षण

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो ने बुधवार को बुंडू के तैमारा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत हुसीरहातु क्षेत्र में कंबल का वितरण किया। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य किया। कंबलों का वितरण हुसीरहातु के दर्जनों वृद्धों, असहायों के बीच किया गया। एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो ने बताया कि कंबल वितरण का कार्य बुंडू प्रखंड क्षेत्र से शुरू किया गया है। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी है। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता मौजूद थीं।



### बीडीओ ने किसानों के बीच किया सरसो बीज का वितरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग लैंपस मे प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग के माध्यम से किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। फसल विस्तार योजना अंतर्गत पंचयात तुमंग एवं बिश्रामपुर मे गेहूं बीज 51 किसानो के बीच 40 किलो प्रति एकड़ की दर से 2040 किलो एवं टरफा योजना अंतर्गत हेसलोग एवं मनातू ग्राम मे मसूर बीज 14 किसानो के बीच 8 किलो प्रति हेक्टेयर की दर से 112 किलो, सरसो बीज 30 किसानो के बीच 2 किलो की दर से 60 किलो बीज का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम मे प्रखंड तकनिकी प्रबंधक, लैंपस अध्यक्ष किसून मुंडा, कृषक मित्र पंकज मुंडा, राजेंदर महतो, राजेश मुंडा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### फुटबॉल और कबड्डी मैच का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत तमाड़ आजिविका महिला संकुल संगठन के द्वारा फुटबॉल मैच और कबड्डी मैच का आयोजन लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्टीय अभियान के उपलक्ष्य में अमलेशा मैदान में किया गया। कबड्डी मैच अंलेशा वर्सेस सरजमडीह, तमाड़ वर्सेस आगरा फाइनल राउंड में तमाड़ और अमलेशा के बीच खेला गया जिसमें 84 प्वाइंट से अमलेश टीम विजयी हुआ। फुटबॉल मैच बरलांगा और अंलेशा के बीच खेला गया जिसमें बरलंगा टीम 10 से विजय हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में तमाड़ विधान सभा के विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, जिला परिषद् सदस्य दिलीप सेठ, भवानी सिंह मुंडा, उपप्रमुख शकुंतला देवी, बी पी एम रामकृष्णा महतो, एफटीसी शशिभूषण महतो, रानी प्रवीण, रेफरी करम मुंडा, प्रेमचंद पूर्ति, सालू कुमारी, पार्वती देवी, सरिता देवी, ज्योति कुमारी, गंगा देवी, रिंकी कुमारी, और सैकड़ों सखी मंडल की दीदी उपस्थित हुई।

### जयपाल सिंह और सावित्री बाइ फुले की जयंती मनी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज खूंटी में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और सावित्री बाई फुले का जन्मदिन बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जे किड़ो ने जयपाल सिंह मुंडा के जीवन पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि उन्होंने उस दौरान आइसीएस की परीक्षा भी पास की थी और जिस क्षेत्र में गये, वहां पर झंडा गाड़ दिया। सावित्री बाइ ने भारत में पहला महिला विद्यालय मात्र नौ बालिकाओं के साथ खोला था। डॉ सीके भगत ने जयपाल सिंह की राजनीतिक यात्रा के बरेमें जानकारी दी। मौके पर सिजरेन सुरीन ने स्वलिखित मुंडारी गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रो पुष्पा सुरीन, जया भारती कुजूर, पूनम माई तिउ, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ मंजूषा पूर्ति, डॉ प्रियंका, डॉ संगीता सांगा, डॉ सुधांशु शर्मा कॉलेज के शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

### विकास की सौगात : खिजरी विधायक ने किया दो सड़कों का शिलान्यास

# क्षेत्र का विकास प्राथमिकता : राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता में है। हर गांव मुख्य सड़क से जुड़े इसके लिये वे हमेशा फिक्रमंद है। क्षेत्र के विकास के लिये जनता कहे या ना कहे यह उनकी जवाबदेही में शामिल है। यह दोनों सड़क के निर्माण की मांग वर्षो से ग्रामीणों की थी जो आज पूरा हुआ है। उक्त बातें खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कही। वे बुधवार को नामकुम में पथ शिलान्यास के दौरान



पीसीसी पथ का शिलान्यास करते विधायक राजेश कच्छप।

संबोधित कर रहे थे। विधायक ने पहला शिलान्यास मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत स्वीकृत पथ रिंग रोड सरवल से जामुन टोली तक छह किलोमीटर और रिंग रोड सरवल से एनएच 33 चरनाबेड़ा जामुन टोली तक छह किलोमीटर का किया। इस मौके पर नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, कुटियातु मुखिया निशा उरांव, रामपुर पूर्व मुखिया महादेव मुंडा, आरा समाजसेवी संतोष बड़ाईक, वार्ड सदस्य मादि टोप्पो, ग्राम प्रधान लाल सिंह मुंडा, मरियम गाड़ी, खुदिया कच्छप, विनोद लोहरा, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक आदि थे।

## ताइक्वांडो में आलोक को रजत, ईशा, संजना ने जीता कांस्य पदक

**67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल के ताइक्वांडो प्रतियोगिता के तीसरे दिन राज्य को तीन पदक**

आजाद सिपाही संवाददाता





**अनगड़ा।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से बैतूल मध्य प्रदेश में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को झारखंड के खिलाड़ियों ने तीन पदक अपने नाम किया। आलोक रंजन ने रजत जीता। जबकि ईशा कुमारी और संजना कुमारी ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाला। आलोक रंजन ने नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले के पहले मैच में छत्तीसगढ़ को 2-1 से, दूसरे मैच में महाराष्ट्र को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल मैच में केवीएस को 2-0 से, सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश को 2-0 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाया। फाइनल में हरियाणा से 1-2 से मैच गंवाते हुए राज्य को दूसरा रजत पदक दिया। वहीं ईशा ने पहले मैच में हरियाणा को 2-0 से, दूसरे मैच सी बी एस सी को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल मैच में बिहार को 2-0 से हरा कर एवं संजना ने पहले मैच में आईबीएसएसओ को 2-0 से, दूसरे मैच में हरियाणा को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल मैच में मणिपुर को 2-0 से हरा कर कांस्य पदक हासिल किया। तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खिलाड़ी और टीम कोच एवं मैनेजर को शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## बेहतर तालीम हासिल कर देश में फैल रही नफरत को मिटाने में अपना योगदान दें: अइनुलहक अंसारी



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिरुटोला स्थित दारुल उलूम अशरफिया में पूर्व जिला परिषद सदस्य अईनुल हक अंसारी ने 100 बच्चों के बीच कंबल वितरण किया। उन्होंने मदरसा के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप बेहतर दर्जे के सम्मान पाने वाले हैं। आप में से ही कल कोई हाफिज, आलिम, शिक्षक, प्रोफेसर, डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे। अपेक्षा हैं कि बेहतर तालीम हासिल कर देश में फैल रही नफरत को मिटाने में अपना योगदान दें। मौके पर गांव के सदर मोतिउर्रहमान, सेक्रेट्री सज्जाद हुसैन, लेयाकत हुसैन, मदरसा के प्राचार्य नैय्यर इकबाल, पूर्व मुखिया सोमरा उरांव, मौलाना अनिसुर रहमान, मौलाना रेयाज, मौलाना तस्लीम, हफीज अब्दुल हसीब, कारी सदाकत, हफीज इकराम, हाफिज कुदरत, फिरदोश आलम, मो खालिद सैफुल्लाह, सबीबुल रहमान, वसीम अकरम, खुसमुद्दीन अंसारी, जब्बार अंसारी, वारिश अंसारी, सरफूल हक, मनौवर अंसारी, रफीक अंसारी, जमील अख़्तर, इम्तियाज अंसारी आदि मौजूद थे।

## टंकी निर्माण से पहले तोड़ी पाइप, खोद डाली गांव की सड़कें, अब गड्ढे-मलबे बने मुसीबत

**ठेकेदार पर बेड़ो की पाइप लाइन, नाली व सड़कों को बदहाल कर छोड़ने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो में मुहल्लेवासी महीनों से मलबा, गड्ढे और मिट्टी के बीच चलने को मजबूर हैं। लेकिन मुख्यालय के जिम्मेदारों को लोगों को यह परेशानी नजर नहीं आ रही है। जिसका खामियाजा बेड़ो वासियों को भुगतना पड़ रहा है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण लोगों का रास्ता बंद हो गया है। जिस रास्ते पर कुछ समय पहले सड़क बना था, वहां बदहाल रास्ता, खुदी हुई सड़क और गड्ढे ही दिख रहे हैं। सड़कों की यह हालत नल जल योजना के तहत टंकी और पाइप लाइन निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार द्वारा किया गया है। ठेकेदार ने टंकी निर्माण से पहले ही गांव की सड़कों की खुदाई करा दी। इस कारण ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बेड़ो वासियों का आरोप है कि ठेकेदार की मनमर्जी और लापरवाही के कारण उन्हें यह परेशानी हो रही है। जिप सदस्य के प्रतिनिधि जगरनाथ भगत का कहना है कि गांव में ठेकेदार द्वारा कराई गई सड़कों की खुदाई से कई लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं विभाग के जेई विजय मिंज से सड़कों व पाइप लाइन को मरम्मत कराने की बात कही गई तो उन्होंने कहा था जल्द दुरुस्त कर दिया जाएगा। लेकिन एक महीना बीत जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने जिम्मेदारो से आग्रह किया है कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस दौरान जो सड़क व पाइप तोड़ी गई है। उसकी मरम्मत जल्द कराई जाए, ताकि लोगों को आने जाने में में हो रही परेशानी का मुक्ति मिल सके।

## रातू चितरकोटा नदी में युवक का शव बरामद

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चितरकोटा बड़काटोली नदी से बुधवार की दोपहर पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। उसकी पहचान बड़काटोली निवासी स्व नेल्सन खलखो के पुत्र अमित खलखो (30) के रूप में हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस नदी से शव को नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भिजवा दिया। ग्रामीणों की मानें तो मृतक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## करांजी डैम में कराया वनभोज, निर्वाचन से संबंधित कार्यक्रम को लेकर सीओ ने की चर्चा

**बेड़ो (ाजाद सिपाही)।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी प्रताप मिंज की पहल पर बुधवार को बीएलओ, पर्यवेक्षक, प्रखंड कार्यालय एवं जनप्रतिनिधियों के साथ करांजी डैम में वनभोज सह निर्वाचन से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रपत्र-7 का सुपर चेकिंग किया गया। वहीं छुटे हुए मतदाताओं को जोड़ने एवं मृत मतदाताओं को हटाने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 66 मांडर (अजजा) सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची आदि थे।

## केसीबी कॉलेज के वरीय शिक्षक के निधन पर शोक सभा

**बेड़ (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत कॉलेज के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सह बर्सर के पद पर कार्यरत डॉ राकेश कुमार के निधन पर महाविद्यालय परिसर में शोक सभा आयोजित हुआ। इस दौरान शिक्षकों व कर्मचारियों ने मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्राचार्य, शिक्षकों व कर्मचारियों ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया। मौके पर प्राचार्य ड विंध्याचल राम, डॉ डेलोमय हंसदा, ड अब्दुल अईयूब, प्रो नितेश पासवान, प्रो रितेश कुमार सिंह, डॉ अरूण नाथ देवघरिया, प्रो ब्रम्हानंद साहू, प्रो पूनम कुमारी, श्रीमंत चटर्जी व सुकुल महतो आदि मौजूद थे।

## शारीरिक और मानसिक विकास के लिए मैदानी खेल जरूरी : अमरनाथ चौधरी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरतुवा में आयोजित सरना फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का सेमीफाइनल मैच का उद्घाटन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी व भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा ने किया। अमरनाथ चौधरी ने कहा कि शारिरीक और मानसिक विकास के लिए मैदानी खेल जरुरी है। सेमी फाइनल मैच मुंडा ब्रदर्स चंदवे बनाम नायक ब्रदर्स गेतलसुद के बीच खेला गया । जिसमें मुंडा ब्रदर्स चंदवे ने 3-2 से जीत लिया। गुरुवार को फाइनल मैच खेला जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। खेल के माध्यम से अपना भविष्य बना सकते हैं। ओरमांझी में फुटबॉल स्टार के रूप में सुबोध महतो एवं अनिता कुमारी जैसी कितने खिलाड़ी प्रखंड, राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रहे है। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री अलखनाथ महतो, भाजयुमो मण्डल महामंत्री रामलखन महतो, इरफान अंसारी, अध्यक्ष प्रवेश भोगता, सचिव विनोद बेदिया, कोषाधक्ष रामराज महतो, ग्राम प्रधान शंकर करमाली, उपाधक्ष मोहित करमाली, नवीन मुंडा, प्रकाश बेदिया, बीपट करमाली, परमेश्वर गांझू, अमरनाथ भोगता, जनार्दन करमाली, बालकिशोर मुंडा, लखन बेदिया टेमन गांझू, कैलाश महतो आदि उपस्थित थे।

## इटकी में अबुआ आवास चयन के लिए 31 गांवों में ग्राम सभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** प्रखंड में प्रशासन व जन प्रतिनिधि की ओ्र से 31 गांवों में आयोजित दो दिनी ग्राम सभा में अबुआ आवास लाभुकों का चयन किया गया। मंगलवार को 14 और बुधवार को 17 गांवों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा का मॉनट्रिंग बीडीओ गौतम प्रसाद साहू कर रहे थे। हालांकि ग्राम सभा में अबुआ आवास के लिए चयनित लाभुकों की सूची प्रखड मुख्यालय द्वारा जारी नहीं की गई है। सूची का प्रकाशन 20 जनवरी को होगा। प्रखंड के गांवों में पिछले महीने 20 दिसंबर से स्थानीय प्रशासन द्वारा अबुआ आवास लाभुकों का सत्यापन कार्य शुरू हुआ है। सत्यापन कार्य के लक्ष्य को 31 दिसंबर को पूरा कर लिया गया। प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंत तक 6383 लाभुकों ने अबुआ आवास के लिए आवेदन जमा किया था। जिसमें 6268 लाभुकों सत्यापन किया गया है। इसमें 4332 लाभुक अबुआ आवास के लिए योग्य पाये गये, जबकि 1936 अयोग्य घोषित किये गये है। बीडीओ ने बताया कि सत्यापित अबुआ आवास लाभुकों के प्रति दावा आपति चार से आठ जनवरी तक समय सीमा निर्धारित की गई है। इस अवधि में अगर कोई भी अयोग्य व्यक्ति को अबुआ आवास के लिए लाभुक सत्यापन कर चयन की गई है तो आम जन उसके प्रति प्रखंड मुख्यालय में आपत्ति पत्र दाखिल कर सकते है। वहीं, कोई छूट गये है तो भी प्रखण्ड में आवेदन देकर अपना दवा रख सकते है। त्रुटियों का निराकरण कार्य 9 जनवरी से 18 जनवरी तक चलेगी।

## आजसू नेता पारसनाथ उरांव ने मृतक के परिजनों को मदद की



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजाडेरा पंचायत के कमलाकोचा निवासी महाबीर महतो की पत्नी पागो देवी (57) का निधन विगत दिनों गंभीर बीमारी की वजह से हो गई थी। मृतका का परिवार अत्यंत गरीब है। बुधवार को सूचना पाकर आजसू के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव मृतका के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने मौके पर मृतका के दशकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री व नकद आर्थिक सहयोग किया। कहा कि आगे भी इस गरीब परिवार की मदद के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। मौके पर आजसू पंचायत प्रभारी प्रकाश सिंह, ग्राम प्रभारी प्रेमनाथ महतो, महाबीर महतो, शिवा महतो आदि मौजूद थे।

## नामकुम में मनायी गयी जयपाल सिंह मुंडा की 122वीं जयंती



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड के भुसुर लालखटंगा चौक पर बुधवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 122वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। भाजपा नेता सह लालखटंगा के पूर्व मुखिया रितेश उरांव की अगुवाई में उनकी प्रतीमा पर माल्यार्पण एवं विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। इस अवसर पर रितेश ने कहा कि मारंग गोमके भारत में बिरसा मुंडा के बाद आदिवासियों के बड़े चिंतक, नेता और हितैषी थे। उन्होंने आदिवासियों के हक और अधिकार को लेकर कई उल्लेखनीय कार्य किये है। उन्होंने कहा कि उनका कद देश के बड़े व्यक्त्वि के समानांतर था। कार्यक्रम में मुख्य रुप से खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा, लालखटंगा मुखिया पुष्पा तिर्की, भाजपा अनुसूचित जाति एससी मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि प्रशासनिक विभाग नामकुम प्रखंड अशोक नायक, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रद्दीप तिर्की, स्मारक समिति के सदस्य शनिचरवा तिर्की, महादेव मुंडा, करमु मुंडा, गोविंद उरांव, सुशीला उरांव, मीरा खलखो, नूतन कच्छप, सोहन गोसाई, राजू नायक, विजय नायक आदि उपस्थित थे।

## जंगल से युवक का शव बरामद, जांच शुरू

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना क्षेत्र के घघारी जंगल से बुधवार को एक युवक शव बरामद हुआ। उसे देखने से प्रतित हो रहा था कि सिर को पत्थर से कुचलकर हत्या की गई है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। इसकी सूचना पाकर डीएसपी रजत मणिक बाखला, लापुंग थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार व बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम दल बल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं। उधर, डॉग स्कार्यट टीम की भी मदद ली गई।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महाजुटान को लेकर चला जनसंपर्क अभियान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड के चटकपूर गांव में 7 जनवरी को आयोजित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महाजुटान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बुधवार को पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस क्रम में गेतलसूद, महेशपूर, सिरका, चिलदाग, नवागढ़, सिलवे सहित अन्य दलित बहुल क्षेत्रों में बैठक कर लोगों को इस महाजुटान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रतिपक्ष नेता अमर बाउरी उपस्थित रहेंगे। मौके पर अशोक नायक, राजेंद्र महतो, वीरसिंह नायक, रामकुमार नायक, मधु नायक, कार्तिक नायक आदि थे।

### लतरातु डैम के किनारे वनभोज सह चिंतन बैठक में दुकानदारों ने बुलंद की आवाज

# जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों का दोहन शोषण करना बंद करे सरकार : सुशील साहू

**हजारीबाग, बोकारो और सरायकेला, खरसावां सहित कई जिलों के प्रतिनिधियों ने बैठक में लिया हिस्सा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** झारखंड राज्य लक्षित जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ बेड़ो प्रखंड के तत्वाधान में लापुंग प्रखंड के लतरातु डैम में वनभोज सह चिंतन बैठक का आयोजन किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों पर कथित शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। प्रदेश अध्यक्ष सुशील साहू ने कहा कि सरकार जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का दोहन व शोशण बंद करें और हमारी सात सूत्री मांगों को अविलंब पूरा करे। सरकार जन वितरण प्रणाली संघ को तोड़ने की कोशिश छोड़ दे। हम एक हैं और एक ही रहेंगे। वहीं सरायकेला खरसांवां से आए झारखंड प्रदेश के महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने कहा कि सरकार जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के लिए पूर्व की भांति अविलंब अनुकंपा व्यवस्था लागू करे। सरकार हमें डराना धमकाना बंद करे अन्यथा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। हजारीबाग से आयीं प्रदेश उपाध्यक्ष बिंदु देवी ने कहा कि सरकार न्यूनतम 40 हजार रुपये मानदेय का भुगतान करे। वहीं बोकारो की गायत्री देवी, मुन्नी देवी और रेखा देवी ने कहा कि पॉश मशीन को समय के साथ 5जी में परिवर्तित किया जाए। सरकार से बकाया पीएमजी का कमीशन भुगतान की भी मांग की। वहीं, बैठक का संचालन संगठनसचिव रुथ खेश एवं सुनील कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, पूर्व रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष रामनरेश सिंह ने कहा कि सभी संघ मिलकर एक साथ डीलर के हित में संघर्ष करें, ताकि डीलर के हितों की रक्षा की जा सके। मौके पर काशी नाथ, आशिक खलील, राजेंद्र प्रसाद रौनियार, राजेंद्र गुप्ता, अनिता देवी, गायत्री देवी, विष्णु प्रसाद,सबीबुल रहमान, नंदकिशोर यादव बसंती लकड़ा, मंजू देवी, बृजेंद्र सिंह, अरविंद तिवारी, प्रेमजीत, भिखारी साहू, जगन मुंडा, गोविंद नाथ मिश्रा, चामा लोहरा, विजय कुमार गर्ग, सुशीला भगताईन, आशामणी मिंज, संगीता देवी, रीना देवी, बसंती लकड़ा, सोसन लकड़ा, फ्रांसिस्का कुजूर, अनिमा तिर्की, राजमंती देवी, लक्ष्मी देवी, प्रेमनीत भगत, राजेश कुमार, जनार्दन साहू आदि मौजूद थे।

## पार्षद आवास पर मनी जयपाल सिंह मुंडा की जयंती



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वार्ड 47 की पार्षद कविता सांगा के आवास पर बुधवार को संविधान सभा के सदस्य सह हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी जयपाल सिंह मुंडा की 122वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बादल सांगा ने की। इस अवसर पर पार्षद कविता सांगा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा झारखंड आंदोलन के अग्रण्य नेता थे। अलग राज्य की आवाज बुलंद करने वाले पहले नेता थे। बताया कि जयपाल सिंह मुंडा का जन्म तीन जनवरी 1903 ई को रांची में हुआ था। वे भारतीय हॉकी खिलाड़ियों में से एक थे। जयपाल सिंह को 1928 में एम्सट इन में आयोजित खेल में भारतीय हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया था। उन्होंने संविधान सभा में आदिवासियों के अधिकार के लिये आवाज बुलंद किया था। इस मौके पर पार्षद कविता सांगा, पूर्व पार्षद किरण सांगा, पांचू मुंडा, आकाश सांगा, सुनील मुंडा, बादल सांगा, अनिल मुंडा, शंकर तिर्की, हरी महतो, मोनित सांगा, आशा पाहन के साथ ग्रामीण मौजूद थे।

## विद्युत विभाग के महाप्रबंधक से मिले प्रकाश महतो, बिजली की समस्याओं से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददादा



**ओरमान्झी।** सांसद प्रतिनिधि प्रकाश महतो ने विद्युत विभाग के महाप्रबंधक प्रभात श्रीवास्तव से मिलकर हेंदेबिली में 25केवी के ट्रांसफार्मर को बदलकर 63केवी का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग ही है। लगे हा जर्जर तार को भी बदलने की मांग की है। इस पर महाप्रबंधक ने समस्या का हल करने का आश्वासन दिया। हिंदीबिल्ली निवासी केवल भंड़ारी का बिजली विभाग से वारंट था जिसे जीएम साहब से मिलकर तुरंत निष्पादन किया गया ।

## अयोध्या से लाये गये पूजित अक्षत कलश का कराया गया नगर भ्रमण




अक्षत कलश का नगर भ्रमण करवाते विहिप, आसएसएस-बजरंग दल के सदस्य।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश बुधवार को विश्रामपुर पहुंचा। जहां विश्व हिंदू परिसद के नेतृत्व में पूरे गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। पूजित अक्षत कलश भ्रमण की शुरूआत हनुमान मंदिर व स्थानीय पंचमुखी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद हुई। अक्षत कलश यात्रा में विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस व बजरंग दल सहित कई स्थानीय लोग शामिल हुए। विहिप के सदस्यों ने बताया कि पूजित अक्षत का वितरण घर-घर किया जायेगा। साथ ही लोगों को प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी दिया जायेगा। इस दौरान लोगों से अयोध्या में भाग लेने, 22 जनवारी को अपने-अपने घरों में दीप जलाने और आस-पास के मंदिरों में विशेष पूजा करने की अपील की गई।

### जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की फरियाद

## समस्याओं का समाधान समय पर करें अधिकारी : शशि रंजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने डीसी को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम



समारहणालय कार्यालय में लोगों की समन्याएं सुनते डीसी शशि रंजन।

महीपूरी निवासी परमेश्वरी साव ने डीसी से अपनी मृत दो पुत्रियों के एवज में सरकार द्वारा जारी की गयी मुआवजा राशि भुगतान करने की मांग की। परमेश्वरी साव की दो पुत्रियों की मौत एमडीएम भोजन के माड़ में झुलस जाने से हुई थी। इसी तरह नीलामंर-पितांबरपुर अंचल क्षेत्र के ग्राम हरतुआ निवासी रविंद्र कुमार गिरी ने डीसी से बज्रपात के चलते गाय की मृत्यु हो जाने के एवज में मुआवजा राशि देने की गुहार लगायी। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कौशल्या देवी और चैनपुर थाना क्षेत्र के रामप्रवेश सोनी ने भी डीसी से वृद्धा पेंशन देने की गुहार लगायी। इस दिन जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे डीसी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## एमओ ने हड़ताल तोड़ने के लिए डीलर संघ के साथ की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागर में बुधवार को खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने हरिहरगंज प्रखण्ड इकाई पीडीएस डीलर संघ के साथ बैठक की। इस दौरान एमओ ने दो शर्तों के आधार पर सभी पीडीएस दुकानदारों से हड़ताल समाप्त कर राशन वितरण करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी डीलर हड़ताल को समाप्त करें या चार महीने का अवशेष खाद्यान के साथ ई-पॉश मशीन जमा करें। वहीं डीलरों ने बकाया कमीशन के साथ अन्य मांगों को रखते हुए कहा कि ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन संघ के वरिय अधिकारियों के आह्वान पर एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई है। उनके निर्देश पर ही हड़ताल टूटेगा। फिलहाल सरकार के मुख्य सचिव से वातालर्लाप चल रही है। बैठक में फेयर प्राइस डीलर संघ के सचिव अवधेश राम, कोषाध्यक्ष कामता शर्मा, धर्मेंद्र पटेल, बिनु कुमार, पप्पू गुप्ता, अनिल सिंह, इंद्रदेव राम, कपेश्वर सिंह, ललन यादव, रामजी प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद मेहता आदि शामिल थे।

## महिलाओं के हक-अधिकार के लिए लड़ने वाली सावित्रीबाई फुले प्रेरणास्त्रोत: लवली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

मेदिनीनगर। 19वीं सदी की महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि भारत जैसे देश में जहां आज भी महिलाओं के साथ कई तरह के भेदभाव होते है। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। उस कालखंड में जहां रूढ़िवादी सोच पूरे समाज में व्याप्त थी वैसे समाज में सावित्रीबाई फूले जी ने महिलाओं की शिक्षा का मुद्दा उठाया और लड़ाई लड़कर महिलाओं को सबल बनाया। सावित्रीबाई फूले उनमें से एक है जो समाज में सार्थक बदलाव के लिए न केवल भागीदार बनी, बल्कि खुद भी एक आदर्श पेश किया। महिलाओं को शिक्षित



किया, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक के लिए कदम उठाए, विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा देने के लिए सार्थक प्रयास किया। महिलाओं से जुड़ी उस समय की सभी समस्याओं पर सावित्रीबाई फूले ने अपने पति ज्योति बा फूले के साथ कदम से कदम मिलाकर महिलाओं को सशक्त करने के लिए लड़ाई लड़ी। महिलाओं की शिक्षा के लिए आवाज उठाने वाली सावित्रीबाई फूले भारत की प्रथम कन्या विद्यालय में प्रथम महिला शिक्षिका बनीं। सावित्रीबाई फूले ने शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सफलता पाने की अलख जगाई। स्त्री के जीवन की दिशा और दशा बदलने में अहम भूमिका निभाई। आज विज्ञान और तकनीक की दुनिया से लेकर राजनीति, खेल, सेना और न्यायपालिका तक आधी आबादी अपना दखल बना चुकी हैं। आज उनकी जन्म जयंती पर हम सभी महिलाओं को उन्हें नमन करना चाहिए और उनके जीवन को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। जो महिलाएं समाज में आगे बढ़ चुकी है उन्हें अपने पीछे की महिलाओं के बारे में चिंता करनी चाहिए, ताकि जो सावित्रीबाई फूले की सोच थी, जो विचारधारा थी वह समाज में रुके नहीं, बल्कि आगे बढ़ती जाए।

## हार में ही छिपा रहता है जीत का मंत्र: बिट्टू पाठक

**एकता कप कॉस्को बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद मार्केट डाक बंगला मैदान में एकता कप कास्को बांल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन आजाद क्रिकेट क्लब नावा बाजार के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैस रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने फिता काटकर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए बैटिंग की। कहा कि खिलाड़ी प्रतिभावान होते हैं उनकी प्रतिभा में निखार टूर्नामेंट के आयोजन से होता है। खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए पंचायत स्तर पर खेल का आयोजन हम सभी का कर्तव्य है। नौनीहाल छोटे-छोटे पिच से खेल



कर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। खिलाड़ी आपसी सद्भावना के साथ खेले। हार में ही जीत का लक्ष्य है। वहीं राजद प्रदेश सचिव ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि पंचायत स्तर पर समुचित खेल मैदान उपलब्ध नहीं है। मंच का संचालन मीर आरिज आलम ने किया। टूर्नामेंट का शुभारंभ 16 ओवर से किया गया जिसमें गमेथा पाटन बनाम कमता विश्रामपुर के बीच पहला मैच खेला गया। गमेथा पाटन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण किया। इस मौके पर शमीम अहमद राइन, प्रमुख विद्या देवी, उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, मीर परवेज अख्तर, भाजपा नेता जमालुद्दीन खान, पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम, पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता, परमहंस अग्रवाल, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, राजेंद्र चौधरी, छोटू सिंह, रिंकू खान, गिरीज प्रजापति, टूर्नामेंट के अध्यक्ष उस्मान खान, पप्पू गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, मो यासीन अंसारी आदि शामिल थे।

## शहरी आवास योजना के तहत नये आवेदन के लिए जारी है कवायद, कई लोगों में नाराजगी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में आवास योजना के लाभुकों से नए आवेदन लेने की कवायद जारी है। जबकि पूर्व 2022-23 के आवेदन लंबित है। इसे लेकर कई आवास योजना के लाभुकों ने आपत्ति जताई है। नगर कार्यालय में बुधवार को आवास के लिए आवेदन जमा करने आए कई लाभुकों ने बताया कि 2024 में यह तीसरी बार आवेदन जमा कर रहे हैं। पर आवास मिल नहीं रहा है। जबकि एक आवेदन तैयार करने में 500-600 रुपये का खर्च आता है। इस संबंध में अधिकारियों से पूछे जाने पर किसी ने संतुष्ट जवाब नहीं दिया। उधर, नप कार्यालय के सूचना पट के आधार पर हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान जो भी आवेदन प्राप्त हुए उसे बीते 31 दिसंबर से आगामी छह जनवरी तक आवश्यक दस्तावेज मांगा गया है। जिसे जांच कर लिस्टिंग की जाएगी और मांगे जाने पर विभाग को अग्रतर की जाएगी।

## भाजपाइयों ने नवपदस्थापित एसडीओ से की मुलाकात

### जनहित समस्याओं से कराया अवगत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भाजपा का एक शिष्टमंडल पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता राम प्रवेश सिंह के नेतृत्व में नवपदस्थापित प्रशिक्षु आइएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार से बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने हुसैनाबाद क्षेत्र में व्याप्त जनहित की कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिस पर एसडीओ ने प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, मंडल उपाध्यक्ष ललन यादव और अखिलेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## हरिहरगंज प्रखंड की कई पंचायतों में अबुआ आवास को लेकर हुई ग्रामसभा

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाहगी)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबूआ आवास योजना को लेकर हरिहरगंज प्रखंड के सलैया, सरसोत, तुरी और कुलहिया में बुधवार को अलग-अलग पंचायत सचिवालयों में ग्राम सभा हुई। जिसमें अबुआ आवास योजना के लाभुकों के आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर योग्य लाभूकों के चयन प्रक्रिया की जाएगी। ताकि योग्य लाभुक को आवास मिल सके। ग्राम सभा में सलैया मुखिया कमला देवी, सरसोत मुखिया विनय सिंह, तुरी मुखिया संदीप यादव, कुलहिया मुखिया नीतू कुमारी, प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, सतेंद्र भुइंया, ग्राम सेवक निरंजन सिंह, इंद्रदेव यादव, शंकर चौधरी, अशोक कुमार, दिलीप चौधरी आदि थे।

## 5.30 लाख में हुई 30 हजार घनफुट बालू की नीलामी

### संवेदक को 10 दिनों के अंदर जमा करनी होगी प्रतिभूति की राशि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में बुधवार को अवैध खनन कर भंडारित जब्त बालू की नीलामी डीडीसी रवि आनंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। 5 लाख 30 हजार रुपये में 30 हजार घन फुट बालू की नीलामी हुई। इस दौरान 15-15 हजार घनफुट के लिए अलग-अलग बोली लगाई गई। नीलामी में भाग कई संवेदको ने लिया जिसमें अंबिका दुबे द्वारा दो लाख 30 हजार एवं स्वर्णिम कंस्ट्रक्शन की ओर से तीन लाख रुपये तक की अधिकतम बोली लगाकर 15-15 हजार घनफुट बालू खरीदी गई। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी पूरी प्रक्रिया के तहत की गयी। संवेदक को नीलामी की राशि 10 दिनों के अंदर विभाग में जमा करवाना होगा। मौके पर डीसी द्वारा गठित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स



दिल्ली के जंतर मंतर में जूनियर पहलवानों के धरने का असर देखने को मिला। अस्थाई तौर पर भारतीय कुश्ती से जुड़े मालों का प्रबंधन कर रहे तदर्थ पैनल ने बुधवार को छह सप्ताह के भीतर अंडर-15 और अंडर 20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन कराने की घोषणा कर की।

### रेसलिंग : जल्द ही ग्वालियर में सब जूनियर और जूनियर नेशनल का आयोजन करेंगे: भूपेंद्र सिंह बाजवा

## जूनियर पहलवानों के विरोध के बाद अंडर-15, अंडर-20 नेशनल का एलान



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर में जूनियर पहलवानों के धरने का असर देखने को मिला है। अस्थायी तौर पर भारतीय कुश्ती से जुड़े मामलों का प्रबंधन कर रहे तदर्थ पैनल ने बुधवार को छह सप्ताह के भीतर अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की। इससे कुछ ही घंटे पहले जूनियर पहलवानों ने जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर तदर्थ पैनल को भंग करने की मांग की थी। पैनल ने उन युवा पहलवानों की चिंताओं को स्वीकार किया जो भारत के शीर्ष पहलवानों के साल भर के विरोध प्रदर्शन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ देश के शीर्ष तीन पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के विरोध प्रदर्शन के बाद देश में कुश्ती गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। जनवरी 2023 के बाद से न तो राष्ट्रीय शिविर और न ही जूनियर नेशनल आयोजित किए गए हैं। गतिरोध के कारण सैकड़ों जूनियर पहलवानों का पूरा एक साल बर्बाद हो गया। तीन सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष भूपेंदर सिंह बाजवा ने जूनियर पहलवानों को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही ग्वालियर में सब जूनियर और जूनियर नेशनल का आयोजन करेंगे। बाजवा ने एक बयान में कहा कि समिति युवा पहलवानों द्वारा उठाई गई चिंताओं को स्वीकार करती है और मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समिति एलएनआईपीई, ग्वालियर में अगले छह सप्ताह के अंदर अंडर-15 और अंडर-20 श्रेणियों के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने की योजना बना रही है। बयान में कहा गया कि तदर्थ समिति भारत में कुश्ती के विकास और उत्कृष्टता और दृढ़ता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। युवा पहलवानों को इन प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षण और अभ्यास जारी रखने की सलाह दी जाती है। मंत्रालय द्वारा संजय सिंह के नेतृत्व में नवनिर्वाचित निकाय को निलंबित करने के बाद 27 दिसंबर को तदर्थ पैनल का गठन किया गया था।

### कुश्ती को लेकर जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन, बजरंग-साक्षी और विनेश पर युवा पहलवानों ने लगाये आरोप

भारतीय कुश्ती में पिछले एक साल से सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीनियर पहलवानों के प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। उसके बाद चुनाव हुए तो खिलाड़ियों ने नए अध्यक्ष संजय सिंह का विरोध किया। साक्षी मलिक ने संन्यास का एलान कर दिया और बजरंग पूनिया-विनेश फोगाट ने अपने पुरस्कार वापस कर दिए। खेल मंत्रालय ने फिर कुश्ती संघ को ही निलंबित कर दिया। अब बुधवार को एक बार फिर पहलवान जंतर-मंतर पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इस बार यह विरोध कुश्ती संघ या उसके अधिकारियों के खिलाफ नहीं, बल्कि बजरंग, साक्षी और विनेश फोगाट के खिलाफ है। भारतीय कुश्ती में चल रहे संकट ने बुधवार को एक नया मोड़ ले लिया जब सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने करियर के एक महत्वपूर्ण वर्ष के नुकसान के विरोध में जंतर-मंतर पर एकत्र हो गए। इस स्थिति के लिए उन्होंने शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश को दोषी ठहराया। बसों में भरकर, जूनियर पहलवान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। लगभग 300 लोग छपरौली, बागपत में आर्य समाज अखाड़े से आए थे, जबकि कई अन्य नरेला में वीरेंद्र कुश्ती अकादमी से आए थे। सुरक्षाकर्मियों को उन्हें नियंत्रित करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों के हाथ में बैनर थे जिन पर लिखा था, ''यूडब्ल्यूडब्ल्यू हमारी कुश्ती को इन तीन पहलवानों से बचाएं। गौरतलब हो कि लगभग एक साल पहले जंतर-मंतर पर शीर्ष तीन पहलवान अपने उद्देश्य के लिए भारी समर्थन हासिल करने में कामयाब रहे थे। उन्होंने पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। किसान समूहों, सामाजिक कार्यकताओं, राजनेताओं, महिला समूहों और कुश्ती बिरादरी के सदस्यों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के हजारों लोग मलिक, फोगाट और पूनिया के समर्थन में सामने आए थे।

## बैराव को हराकर कर्नल कप के फाइनल में पहुंचा बभंडी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अंतर्गत कपूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में बुधवार को बैरांव का सामना बभंडी से हुआ। मध्यांतर तक बैरांव ने 1-0 की बढ़त बनाए रखा था। उसके बाद बभंडी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए गोल कर मुकाबले को और रोमांचक बना दिया। उसके बाद दोनों टीमों ने कई प्रयास किए लेकिन गोल करने में असफल रहे और फैसला पेनाल्टी शूटआउट तक पहुंच गया। जिसमें बभंडी ने बैरांव को 3-1 से हराकर जीत हासिल की और फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मैच से पूर्व क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह, बैरांव पंचायत के पंसस छोटु पाल, महुअरी पंसस बद्रीनारायण सिंह, रवि रंजन सिंह तथा धीरेन्द्र कुमार ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और



उन्हें शुभकामनाएं दी। क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी के खेल से खुश होकर झारखंड के कई जिलों के गणमान्य लोग खेल देखने फाइनल मैच के दिन आ रहें हैं यह हुसैनाबाद के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। सात जनवरी हुसैनाबाद के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। इस दौरान क्लब के जमुआ के मुखिया ओमप्रकाश कुमार, समाजसेवी संतोष सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम, पूर्व सैनिक सुधीर सिंह, जयकुश सिंह, विनय सिंह, सुभाष कुमार, वीर बहादुर सिंह, इसरार अहमद, धीरेंद्र सिंह, ताकि रिजवी, सगीर अहमद महेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### स्व रणधीर वर्मा के 33वें शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि, सांसद-विधायक ने किया नमन

# शहीद रणधीर वर्मा प्रेरणास्रोत: पीएन सिंह

**आइआइटी के मुख्य गेट के समीप श्यामल चक्रवर्ती को भी दी गई श्रद्धांजलि**

## सौभाग्यशाली हूं कि लोगों के दिलों में बसने वाले रणधीर वर्मा की पत्नी हूं : प्रो रीता वर्मा










शहीद रणधीर वर्मा की 33वीं जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर सांसद, विधायक, शहीद की पत्नी और डीसी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के पूर्व एसपी शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा के 33वें शहादत दिवस पर इस वर्ष भी बुधवार को रणधीर वर्मा चौक के समीप रणधीर वर्मा मेमोरियल सोसायटी की ओर से संगीतमय श्रद्धांजलि दी गयी। इसके अलावे धनबाद पुलिस की ओर से उन्हें बैंक मोड़ थाना, शहादत स्थल बैंक ऑफ इंडिया हीरापुर शाखा में भी कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पिथ की गई। मुख्य समारोह स्थल पर शहीद की पत्नी सह पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो रीता वर्मा, डीसी वरुण रंजन, सिटी एसपी अजित कुमार, ग्रामीण एसपी कुलदीप चौधरी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा, डीएसपी हेडक्वार्टर अमर पांडेय के अलावे जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के साथ सांसद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक राज सिन्हा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस दौरान रणधीर वर्मा चौक स्थित आदमकद प्रतिमा के सामने बने मुख्य मंच से कलाकारों कार्यक्रम पेश किया गया। वहीं श्रद्धांजिलसे पहले पुलिस के जवानों द्वारा शहीद को सलामी दी गयी।

इस अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा की पत्नी प्रो रीता वर्मा ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि ऐसे शहीद की पत्नी हूं जिनकी शहादत को 33 वर्ष बाद भी यहां के लोग अपने दिलों में संजोए हुए हैं। मेरे पति के प्रति यहां के लोगों का प्यार अद्भुत है। वहीं सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि ऐसे जांबाज पुलिस अफसर को सलाम है। सिटी एसपी अजित चौधरी ने कहा कि स्व रणधीर वर्मा की शहादत हम सब के लिए प्रेरणादायक है। हम लोग इनकी शहादत को कभी भूलने नहीं देंगे। बताते चलें कि वर्ष 1990 में धनबाद के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) के हीरापुर ब्रांच में चार खालिस्तानी आतंकी लूट की घटना को अंजाम देने के लिए घुसे थे। इसकी सूचना मिलते ही तत्कालीन एसपी रणधीर प्रसाद वर्मा खुद बैंक पहुंच गए और उन आतंकियों को मार गिराया। हालांकि इस मुठभेड़ में रणधीर वर्मा वीरगति को प्राप्त हुए थे। इसके बाद सरकार की ओर से उन्हें अशोक चक्र से नवाजा गया था। इनके साथ आम नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए आइएसएम कर्मी श्यामल चक्रवर्ती भी आतंकियों की गोली से शहीद हो गए थे। दूसरी ओर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा के साथ आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए आइएसएम कर्मी श्यामल चक्रवर्ती को भी आइआइटी आइएसएम के मुख्य गेट के समीप स्थित प्रतिमा के सपीप श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर नमन किया गया। यहां निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी मौजूद रहे। इसके अलावे सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि भले ही शहादत के 33 वर्ष बाद भी सरकार ने उन्हें शहीद की मान्यता नहीं दी हो पर लोग उन्हें शहीद मानते हैं और आज भी शहादत दिवस पर उन्हें नमन करते हैं।

## आवास खाली कराने गये बीसीसीएल अधिकारियों का विरोध, बैरंग लौटे



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** अंगारपथरा कांटा पहाड़ी पैच के समीप भूली धौड़ा के आठ परिवार को हटाने पहुंचे बीसीसीएल अधिकारियों की टीम को बुधवार को विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बाद अधिकारी पेलोडर लेकर आवास खाली कराए बगैर वापस लौट गए। कोलियरी के सुरक्षा पदाधिकारी प्रेम शर्मा सीआइएसएफ व कंपनी के सुरक्षा गार्ड के साथ पेलोडर लेकर भुली क्वार्टर पहुंचे। तभी ग्रामीणों ने मशीन के सामने हंगामा कर दिया। कहा कि कंपनी पहले उनलोगों के पुनर्वास और मुआवजा की व्यवस्था कराए, तभी वे लोग अपने क्वार्टर के समीप मशीन चलाने देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधक परियोजना विस्तारीकरण का हवाला देकर क्वार्टर के समीप उत्खनन कार्य कर रही है। करीब छह महीना पहले अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि पहले यहां रह रहे लोगों को सभी मुलभूत सुविधा के साथ पुनर्वास एवं मुआवजा देकर विस्थापित कर परियोजना का विस्तारीकरण किया जाएगा। मगर बीसीसीएल प्रबंधक हमलोग को भागवान भरोसे छोड़ परियोजना विस्तारीकरण में लगा है। सभी लोग जान जोखिम में डालकर क्वार्टर में रहते हैं। ग्रामीण रिता देवी ने कहा कि गर्मी में घर के बाहर रात गुजार लेते थे मगर ठंड की वजह से सभी परिवार घर के अंदर रहते हैं। हमेशा भू-धंसान का भय बना रहता है। बीसीसीएल प्रबंधक द्वारा खानापूर्ति के लिए जमीन चयन कर सभी ग्रामीणों के नाम से रेखांकित भी कर दिया है। मगर उसके बाद ना ही किसी ग्रामीण को मुआवजा दिया गया ना ही उक्त स्थल पर कोई सुविधा बहाल किया गया। अब प्रबंधक जबरन बंद आवास में हमलोग आठ परिवार को भेड़ बकरी जैसे रहने को कह रहा है। वहीं, सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि आठ परिवार को अंगारपथरा 20 नंबर के बंद भूमिगत खदान के समीप पुनर्वास की व्यवस्था कर उक्त लोगों का स्थल चयन कर रेखांकित कर दिया गया है।

## लोयाबाद कोलियरी में सेवानिवृत्त कर्मियों की विदाई



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद कोलियरी के सुरक्षा प्रहरी सुरेश पासवान व एसबीएल कन्हाई चौधरी के सेवानिवृत होने पर उन्हें विदाई दी गई। बुधवार को कोलियरी कार्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह में उपस्थित अधिकारी, कर्मियों व नेताओं ने दोनों को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पर्सनल ऑफिसर पीके सिंह ने कहा कि दोनों इमानदार और कर्मठ व्यक्ति है। इन लोगों ने अपने कार्यकाल में कभी परेशानियों से समझौता नहीं किया, बल्कि उससे डटकर मुकाबला किया। मौके पर मौजूद जमसं के वरीय नेता जयप्रकाश पांडेय ने दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, तपन पंडा, नंदकिशोर पासवान, मुकेश पासवान, दिनेश दिवान, निर्मल चौधरी, अजय चौधरी आदि मौजूद थे।

## योगेश स्मृति मंच की बैठक में योगेश्वर प्रसाद का 88वां जयंती समारोह मनाने का निर्णय

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** कनकनी स्थित योगेश्वर प्रसाद योगेश पुस्तकालय के समीप बुधवार को योगेश स्मृति मंच की बैठक हुई। जिसमें 8 जनवरी को पूर्व सांसद व पिछड़ा वर्ग के सदस्य योगेश्वर प्रसाद योगेश की 88 वीं जयंति समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता स्मृति मंच के संरक्षक सिपाही चौहान ने किया। वक्ताओं ने कहा कि योगेश बाबू एक महान नेता थे। धनबाद के साथ पूरे देश का नेतृत्व किया। दबे-कुचले और मजदूरों के हक के लिए संघर्ष करते रहे। मौके पर मोहित चौहान, छोटू चौहान, आयुष, विवेक, आकाश चौहान, अमन चौहान, अमरदीप चौहान, गोलू चौहान, रिशू, सौरव चौहान, रौशन चौहान एवं दीपक चौहान आदि उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पत्रकार स्व सतीश सिंह की 11 वीं पुण्यतिथि मनी, विधायक ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** निरसा चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ की ओर से मैथन साहित्य परिषद में बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार स्व सतीश सिंह की 11 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। स्व सतीश सिंह के बेटे राकेश सिंह ने सबसे पहले उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद निरसा, चिरकुंडा, मैथन, पंचेत, केलियासोल और बंगाल के पत्रकार सहित नेता, समाजसेवी, पंचायत प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने स्व सतीश सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि आज भी वो दिन भूल नहीं पाई हूं जिस दिन उनकी मौत सड़क दुर्घटना में हुई। घटना से पहले वे मेरे घर आए और चाय पीए थे। मुझे तो विश्वास ही नहीं हुआ कि उनकी मौत हो गई है। वे बहुत ही नेक दिल इंसान थे। हमेशा लोगों के सहयोग में तत्पर रहते थे। मौके पर संघ अध्यक्ष इंद्रदेव देव प्रसाद, संजय सिंह, सरोज तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, रामनाथ सोरेन, प्रवीण चौधरी, उत्तम झा, संजय सिंह, भगवान मालवीय, हरेंद्र सैनी, धर्मदेव चौधरी, सपन कांजीलाल, दिनेश गोस्वामी, अजीत साधु, नागेंद्र कुमार, पार्थ सारथी दास, सुधांशु शेखर झा, बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, निवर्तमान अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, जितेंद्र शर्मा, सुरेश पासवान, इंद्रदेव राजवंशी, समामा ओसाल, सलाउद्दीन कुरैशी, टिंकू गुप्ता, सुमंत सिन्हा, पंकज विद्रोही, शशि भूषण तिवारी, राजू मिश्रा, लखी देवी, पिंटू चौबे, बिट्टू सिंह, गौतम प्रसाद, कृष्णा चौधरी, अनिमेष पोद्दार, संजय बर्मन, संतोष साव, अनोजित सेन, संजय शर्मा, अरुप पाल, शेष नारायण सिंह, अमित श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, सुबल तिवारी, दीपक सिंह, प्रदीप सुमन, जगन्नाथ सिंह, कृष्णा सिंह, डिनोवली मैथन के प्राचार्य शुक्ला चौधरी, अर्जुन पाठक विकल, रामजी यादव, बीरेंद्र ठाकुर, अरविंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## श्री श्याम सेवा संघ के नेतृत्व में आज निकलेगी भव्य निशान शोभायात्रा

**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम सेवा संघ की ओर से बुधवार को को राजस्थानी धर्मशाला में प्रेस वार्ता कर बताया गया कि श्री श्याम सेवा संघ द्वारा द्वितीय वार्षिक श्याम सुमिरन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को नदी किनारे सूर्य मंदिर से एक विशाल निशान व शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास राजस्थानी धर्मशाला पहुंचेगी। शाम में भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें जयपुर के मशहूर भजन गायक मनीष घीवाला धनबाद के पिंटू शर्मा एवं पंकज शर्मा शामिल होंगें। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। मौके पर उद्योगपति प्रदीप खेमका, डॉ बीएन चौधरी, अधिवक्ता डीएन चौधरी, पूर्व पार्षद हरिप्रसाद अग्रवाल, सुरेश केडिया, संतोष जलान, पंडित अजय शर्मा, सुशील चौधरी, प्रकाश सिंघानिया, दिलीप अग्रवाल, मनीष गोयल, नरेश शर्मा, नरेश अग्रवाल, अनिल केडिया, संजय केसरी,मिथुन शर्मा, हिमांशु केसरी आदि थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अति अल्पकालीन ई0-निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय का नाम | कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विषय | राज्य के विभिन्न काराओं हेतु Visitor Intercom -cum- Voice Logger के क्रय/अधिष्ठापन/परीक्षण/कार्यषील (सभी सहायक उपस्कर सहित) एवं वार्षिक रख–रखाव (CAMC) के निमित्त Work Contract हेतु ई०निविदा का आमंत्रण। |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) | ₹ 10,000.00 (दस हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के प्रकाषन की तिथि एवं समय | 05.01.2024 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से। |
| 5. | Pre-bid की तिथि, समय एवं स्थान | 09.01.2024 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में। |
| 6. | निविदा online upload करने की तिथि | 11.01.2024 (गुरूवार) के पूर्वाह्न 11:00 बजे से। |
| 7. | निविदा online upload करने की अंतिम तिथि | 17.01.2024 (बुधवार) को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | 18.01.2024 (गुरूवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में। |

नोट:–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नगर प्रशासन भवन, एच०ई०सी० कैम्पस, धुर्वा, राँची में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

(उमा शंकर सिंह)
कारा महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची

PR 314989 Prison(23-24)#D

### सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती पर शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को किया गया याद

# सावित्रीबाई फुले छात्राओं और युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणा की स्रोत रही हैं: हीरालाल मांझी

## कहा - फुसरो में स्थल मिले तो इनकी प्रतिमा के साथ बनेगा भवन




सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन करते लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो बाजार स्थित फुल मंडी के पास बुधवार को माली मालाकार कल्याण समिति के सदस्यों की ओर से भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सावित्रीबाई फुले की याद में गीत-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी भी शामिल हुए। उन्होंने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। कहा कि सावित्री बाई फुले भारत की सबसे प्रभावशाली महिलाओं में से एक थीं। उन्होंने कहा कि मालाकार समाज फुसरो में जहां भी स्थल चयनित करे, वहां सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ ही सावित्रीबाई फुले स्मृति भवन के लिए स्थल दिया जाएगा तो वहां भवन भी बनवाएगा जाएगा। कहा कि प्रत्येक स्कूलों में सावित्रीबाई फुले के बारे में शिक्षा दी जाए। इस अवसर पर बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी, जिला परिषद सदस्य नीतू सिंह, चंद्रपुरा के पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह, अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, बीएमएस नेता रविंद्र कुमार मिश्रा, इंटक नेता श्यामल सरकार, जगरनाथ राम, कृष्ण कुमार, भोलू खान, दीपक महतो, अनिल गुप्ता, सहोदरी देवी, सलीम जावेद उर्फ मोती आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। कहा कि महिलाओं की शिक्षा, बाल विवाह और दलितों के उत्थान के लिए सावित्रीबाई फुले ने कई आंदोलन चलाए। सावित्रीबाई फुले छात्राओं और युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणा की श्रोत रही हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन शिक्षा और समाज कल्याण को समर्पित किया। सावित्रीबाई फुले कई लड़कियों और महिलाओं के लिए एक पथ प्रदर्शक और प्रेरणा बन गईं, क्योंकि उन्होंने लड़कियों और समाज के अस्वीकृत हिस्सों के लिए शिक्षा प्रदान करने में मदद की। उनका जन्म 03 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ था। सावित्रीबाई फुले के योगदान की बात करें तो, उन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर महिलाओं के शैक्षिक अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वहीं, मालाकार कल्याण समिति के संयोजक राकेश मालाकार ने कहा कि उन्होंने महिला शिक्षा और दलित उत्थान को लेकर अपने पति ज्योतिबा राव फुले के साथ मिलकर कई उल्लेखनीय कार्य किए। साथ ही युवाओं को उनकी जीवनी को पढ़कर महिला उत्थान के कार्यों को अपने हाथ में लेने पर बल दिया। इस अवसर पर गायक सोनू राज और खुशी कुमारी ने एक से एक देशभक्ति गीत गाकर समा बांधा। कार्यक्रम का संचालन संतोष बरनवाल उर्फ गुड्डू ने किया। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद भरत वर्मा, ललन रवानी, ओम शंकर सिंह, संत सिंह, राजेश गिरी, दिनेश बैठा, राधा देवी, विनोद चौरसिया, संतोष भगत, राकेश जैन, ओमप्रकाश राजा सहित समिती के लक्ष्मण मालाकार, बैजू मालाकार, अमित मालाकार, शिवकुमार मालाकार, बाबू लाल मालाकार, मुरारी मालाकार, विनय मालाकार, संजय मालकार, सुजीत मालाकार, अमित मालाकार, जीतू मालाकार, शुभम मालाकार, विजय मालाकार, संजीत मालाकार, सोनू मालाकार, पंकज मालाकार, शिवकुमार मालाकार, राजेंद्र मालाकार, राजकुमार मालाकार, जीतू मालाकार, आकाश मालाकार आदि मौजूद थे।

**अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा**

**आम सूचना**

भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी, कोडरमा जिला ईकाई के पुनर्गठन किया जाना है। इस निमित रेडक्रॉस सोसाईटी के विभिन्न पदों यथा–Chairman, Vice Chairman, Treasurer एवं 10 सदस्यीय जिला शाखा प्रबंध समिति के निर्वाचन प्रक्रिया दिनांक– 08.01.2024 से दिनांक–11.01.2024 तक अनुमण्डल कार्यालय, कोडरमा में निर्धारित है।

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी कोडरमा जिला ईकाई की मतदाता सूची का प्रकाशन समाहरणालय, कोडरमा एवं अनुमण्डल कार्यालय, कोडरमा के सूचना पट्ट तथा कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर किया गया है।

मतदाता सूची का अवलोकन सूचना पट्ट/कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर किया जा सकता है।

अनुमण्डल पदाधिकारी, –सह–निर्वाची पदाधिकारी
भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी
कोडरमा जिला ईकाई

PR 314979 District (23-24)_D

**कार्यालय:- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी**
**सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,**
**जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**

**शुद्धि–पत्र**

**आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य** योजना अंतर्गत कोडरमा जिले के सभी सरकारी सूचीबद्ध अस्पतालों (सदर अस्पताल कोडरमा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा, जयनगर, मरकच्चो, सतगावां प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चंदवारा और रेफरल अस्पताल डोमचांच) **के आसपास के दवा विक्रेता, पैथोलॉजी जाँच केंद्र, एवं ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट्स विक्रेता को सूचीबद्ध किया जाना है।** उक्त के दर निर्धारण हेतु इच्छुक **दवा विक्रेता, पैथोलॉजी जाँच केंद्र, एवं ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट्स विक्रेता** से मुहरबंद लिफाफा दिनांक 31.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय के पत्र संख्या 1096 (DHS) & PR No.309721 से निविदा आमंत्रित की गई थी उक्त निविदा को 27/12/2023 तक बढ़ाई गई थी और निविदा खोलने की तिथि 28/12/2023 को तय की गई थी।

- उक्त निविदा को 10/1/2024 तक बढ़ाई जाती है और निविदा खोलने की तिथि 12/1/2024 को तय की जाती है।

सिविल सर्जन–सह–सचिव
जिला स्वा0 समिति, कोडरमा

PR 314998 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

## न्यूज रील्स

### सुप्रीम कोर्ट का एसआइटी जांच से इनकार

**नयी दिल्ली।** अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सेबी को बचे हुए दो मामलों की जांच के लिए तीन महीने और का समय दिया है। वहीं मामले की जांच को सेबी से लेकर एसआइटी को देने से भी इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सेबी के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में दखल देने की इस अदालत की शक्ति सीमित है। सेबी ने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए हम सेबी को अन्य दो मामलों में 3 महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश देते हैं।

### दिल्ली में अब जूनियर रेसलर्स का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ में पिछले एक साल से चल रहे विवाद के बीच बुधवार को 100 से ज्यादा जूनियर रेसलर्स ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इन पहलवानों का आरोप है कि साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट की वजह से उनके करियर का एक साल बर्बाद हो गया। ये जूनियर पहलवान बसों में सवार होकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से आये थे। प्रदर्शन कर रहे इन जूनियर पहलवानों की मांग है कि भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के फैसले को केंद्र सरकार वापस ले।

# सीएम ने किया लोयर सुकतेल सिंचाई परियोजना का उद्घाटन

- 80 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ।
- बलांगीर के लिए 2525 करोड़ रुपये की परियोजना का शुभारंभ किया। 2220 करोड़ रुपये की लागत से 112 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी गयी।






आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बलांगीर में सिंचाई, कृषि में परिवर्तन, जिससे जिले के विकास में एक नये युग की शुरूआत होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोयर सुकतेल परियोजना से बलांगीर के किसानों की पानी की समस्या का समाधान हो गया है। उन्होंने कहा कि सुकतेल परियोजना बलांगीर के सिंचाई क्षेत्र, कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लायेगी और उन्होंने कहा कि सुकतेल परियोजना से सिंचाई क्षेत्र, बलांगीर के कृषि क्षेत्र और किसानों के विकास में राज्य का विकास बदलेगा। यह परियोजना बलांगीर जिले के विकास में एक नया युग लायेगी। गौरतलब है कि यह परियोजना राज्य का नौवां सबसे बड़ा बांध है। इसकी ऊंचाई 31 मीटर है। इससे बलांगीर और सोनपुर जिले के 203 गांवों की एक लाख एकड़ जमीन को पानी मिलेगा। 80 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ। जिले के 70 हजार से अधिक लोगों को पीने का पानी की सुविधा भी मिलेगी 2019 से, परियोजना 5टी पहल के तहत पूरी हो चुकी है। तकनीक का उपयोग कर प्रेशराइज्ड अंडरग्राउंड पाइपलाइन से सिंचाई की व्यवस्था की जा रही है। इससे सिंचाई के लिए कोई विस्थापन नहीं होगा। जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने फिर कहा कि किसान राज्य की अर्थव्यवस्था के सारथी हैं। हम किसान भाइयों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।' मैं सदैव किसान भाइयों के साथ हूं। उनके लिए कालिआ, एक लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण, मुफ्त फसल बीमा, किसान परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और कई योजनाएं चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने विस्थापित गांवों के लोगों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि इस परियोजना के लिए 29 गांवों के लोगों ने बहुत त्याग किया है। मैं उनके बलिदान का सम्मान करता हूं। बलांगीर के विकास के लिए उनका बलिदान सदैव याद रखा जायेगा। आज भी बलांगीर जिले के विकास के लिए कई काम शुरू किये गये हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ढांचे में सुधार, पर्यटन में सुधार, संचार में सुधार, खेलों में सुधार के साथ-साथ विरासत के विकास और संरक्षण के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गयी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने बलांगीर के लिए 2525 करोड़ रुपये की परियोजना का शुभारंभ किया। जहां 2220 करोड़ रुपये की लागत से 112 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी गयी, वहीं 305 करोड़ रुपये की लागत से 69 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मेरे आदेश पर अगस्त माह में 5टी अधक्ष आये थे। तुम से मिले आपसे विकास कार्यों पर चर्चा की। हम आपकी राय का सम्मान करते हुए काम करते हैं। उन्होंने बलांगीर के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब बलांगीर जिला शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में मजबूत प्रगति कर रहा है। जिले में हरीशंकर की पीठ सहित मठ मंदिर के रूपांतरण का कार्य चल रहा है। अब कृषि क्षेत्र में सुधार होने से जिले में बदलाव का नया युग आयेगा। कहा, मुझे विश्वास है कि आपके सहयोग से बलांगीर राज्य के विकास में एक विशिष्ट पहचान बनायेगा। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री टुकुनी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज बलांगीर जिले के लोगों का वर्षों पुराना सपना पूरा कर दिया है। लोयर सुकतेल आज बलांगीर के लोगों के लिए खुशियों का सुकतेल बन गया है।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन को प्राथमिकता देने में 5टी अधक्ष की अहम भूमिका है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ 5टी एवं नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष वीके पांडियन उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निरंजन पुजारी, बलांगीर सांसद संगीता कुमारी सिंहदेव, राज्यसभा सांसद निरंजन बिशी, बलांगीर विधायक नरसिंह मिश्र, पाटनागड विधायक और बलांगीर जिला योजना समिति के अध्यक्ष सरोज मेहर, लोइसिंघा विधायक मुकेश महालिंग, राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंहदेव, बलांगीर जिला परिषद अध्यक्ष देवकी साहू ने अपने मुख्य भाषण दिये। विकास आयुक्त अनु गर्ग ने स्वागत भाषण दिया एवं जिलाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

घराना
जुड़ें जोड़ें जीतें
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
RANJIT KUMAR (C.L.I.A) 9431109768
Rakesh Kumar 9304853051
Rajesh Kr. Upadhyay 7667025784
LIC Agent बनने के लिए सम्पर्क करें
SHOP NO. 126, INDIRA PLACE, MAIN ROAD, HINOO, RANCHI

# आस्था पर चोट कर रहा इंडी गठबंधन केरल में लूट की आजादी : नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरल।** महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा इंडी गठबंधन केवल एक ही बात जानता हैं। वे हमारी आस्था पर चोट करते रहते हैं। उन्होंने हमारे मंदिरों और त्योहारों को लूट का जरिया बना दिया हैं। त्रिशूर पूरम के साथ जिस तरह की राजनीति की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण हैं। सबरीमाला में मौजूद कुप्रबंधन के कारण भक्तों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यह राज्य सरकार की अक्षमता का ही प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश में बड़ी-बड़ी सड़कें बन रही हैं। देश में आधुनिक हवाई अड्डे बन रहे हैं, लेकिन 'इंडी' गठबंधन की सरकार यहां कोई काम नहीं होने देती, क्योंकि वे मोदी का विरोध करते हैं। केरल में लूटपाट की आजादी है। यहां सोने की तस्करी को लेकर चल रहा खेल किसी से नहीं छिपा है। वे कभी चाहते ही नहीं कि गरीब लोगों और बुनियादी ढांचे के लिए केंद्र सरकार से मिलने वाले फंड पर कोई उनसे सवाल पूछे। यही कारण है कि वे केंद्र की योजनाओं में बाधा डालने की कोशिश करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों ने नारी शक्ति को कमजोर माना हैं। उन्होंने महिला आरक्षण को लंबे समय तक रोक कर रखा था। लेकिन मोदी ने आपको आपका हक दिलाने की गारंटी दी थी, जिसे मैंने पूरा कर लिया हैं। जब देश में कांग्रेस और वाम दल का गठबंधन था, उस समय मुस्लिम बहनें तीन तलाक के कारण परेशान थीं। लेकिन मोदी ने इससे आजादी दिलाने की गारंटी दी और उसे इमानदारी से पूरा किया है।

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबह: 07.00-10.00 से दोपहर: 03.00-8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपाइंटमेंट ले लें।
पता:- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

# बलांगीर रेल लाइन परियोजना: जीएम ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने आज खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के खुर्दा रोड-दशपल्ला रेल खंड का निरीक्षण किया और सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ चल रहे बुनियादी ढांचे के कार्यों की समीक्षा की। अपने निरीक्षण के दौरान, शर्मा ने विभिन्न यात्री सुविधाओं के कार्यों की प्रगति, पार्किंग क्षेत्र के विकास, सकुर्लेटिंग क्षेत्र, भूनिर्माण आदि का जायजा लिया और दसपल्ला रेलवे स्टेशन पर विभिन्न बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की। खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना एक सार्वजनिक केंद्रित परियोजना है जिसकी नियमित निगरानी माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा की जा रही है। यह परियोजना क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी और साथ ही पश्चिम ओड़िशा और तटीय ओड़िशा के बीच सामाजिक-सांस्कृतिक कनेक्टिविटी को बढ़ायेगी। खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना की 301 किमी लंबाई में से कुल 152.8 किमी का काम पूरा हो चुका है। जिसमें से खुर्दा रोड से दसपल्ला तक 105.8 किमी और बलांगीर से सोनपुर तक लगभग 47 किमी अब तक काम पूरा हो चुका है। पूर्व तट रेलवे ने भी 2024 में सोनपुर से पुरुनाकटक तक 73 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन को पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

BALAJEE UDYOG
the mark of excellence
Distributors
bathsense
ESSESS
Racold
Glocera
m-seal
ASTRAL PIPES
Mob.- 9534207055 / 9386909008 / 06513554978
PLOT NO. 767 OLD H.B ROAD OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR RANCHI
Email- balajee_udyog@rediffmail.com

## पाकिस्तान सीमा पर लगेगा देसी एंटी ड्रोन सिस्टम

# हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ पंजाब, राजस्थान और गुजरात से लगी सीमा पर भारत एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने की तैयारी में है। ये सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी होंगे, जो सीमा पार से लगातार हो रही हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने का काम करेंगे। इस सिस्टम को लगाने का काम इस साल जून-जुलाई तक पूरा कर लिया जायेगा। भारत इस समय एंटी ड्रोन सिस्टम की तीन तरह की टेक्नोलॉजी की टेस्टिंग कर रहा है। टेस्टिंग के बाद इन तीनों तकनीक में से किसी एक एक को चुना जायेगा या फिर इनके कॉम्बिनेशन को। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन के जरिए पाकिस्तान का हथियार, गोला-बारूद और नशीले पदार्थों को गिराना कई वर्षों से सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी समस्या रही है।

### इरान में 2 धमाके, 103 लोगों की मौत, 141 घायल

**तेहरान (एजेंसी)।** इरान के केरमन शहर में बुधवार को दो धमाकों में 103 लोग मारे गये। 141 घायल हुए हैं। इरान के सरकारी मीडिया के हवाले से यह खबर आयी है। यह धमाके रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (इरान की सेना) के पूर्व जनरल कासिम सुलेमानी के मकबरे पर हुए। पुलिस ने कहा कि यह फिदायीन हमला था। इसकी जांच की जा रही है। बुधवार को कासिम सुलेमानी की मौत की चौथी बरसी थी। सुलेमानी को 2020 में अमेरिका और इजराइल ने बगदाद में एक मिसाइल अटैक में मार गिराया था।

Alpha Institute of Computer Education
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**